


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 10 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 23 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ विकसित भारत के लिए पर्यटन

आदित्य धर की आगामी फिल्म में नजर आएंगे रणवीर सिंह ◂◂ 6


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



# अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

PR- 337283 (IPRD) 24-25

**युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने**

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# हेमंत सोरेन ने किया 1.76 लाख किसानों का किया ऋण माफ, बोले- किसी से डरने वाला नहीं

मेट्रो रेज




**रांची :** राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में किसान सम्मान योजना का आयोजन हुआ. जिसमें हेमंत सरकार ने 2 लाख तक के कृषि ऋण माफी योजना के तहत 1,76,977 किसानों का 400 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया. योजना के तहत 400.60 करोड़ की राशि का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उइळ के माध्यम से हस्तांतरित किया. मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन के लिए प्रति लीटर दो रूपया प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 5 रूपया प्रति लीटर करने की योजना का भी शुभारंभ किया. फसल बीमा 1 रूपया में करने योजना का भी शुभारंभ किया. इससे 16 लाख किसान लाभान्वित होंगे। मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक राजेश कच्छप सहित कई लोग मौजूद रहे। प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम किसान लोन माफी नहीं किसान सम्मान योजना है। बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग किसानों को पूंजीपति के हाथ बेचने जा रहे थे, मगर किसान 1 साल आंदोलन करके तीन कृषि कानून को वापस कराया. इनके पास एम एस पी देने का पैसा नहीं है, मगर इनके पास पूंजीपतियों का लोन माफ करने का पैसा है।

### जबदस्ती परेशान कोई करता है तो उसे गरीबों का हाय लगता है

सीएम ने कहा कि कोई किसी को जबदस्ती परेशान करता है तो उसे गरीबों का हाय लगता है, मुझे भी झूठ केस में जेल भेजने का काम किया। पता नहीं आज 2 लाख कृषि लोन माफी को भी कोर्ट में पीआइएल दायर कर दे। मगर मैं डरने वाला नहीं हूं हर लड़ाई इनके खिलाफ लड़ूंगा। फिर कहा कि विपक्ष साल में एक भी इस योजना बता दें जिससे राज्य की जनता के लिए किया हो और उसका फायदा जनता को मिल रहा हो।

### महाराष्ट्र में सरकार को बनाया नहीं बल्कि खरीदा गया

महाराष्ट्र में सरकार को बनाया नहीं बल्कि खरीदा गया है जहां यह लोग जीते नहीं है वहां सरकार खरीद लेते है। अब वोट खरीदने झारखंड आ गए हैं। जेल, गोली, लाठी डंडा से झारखंडी डरने वाला नहीं है, लड़ कर लिया है झारखंड लड़ कर अधिकार दिलाएंगे।

## रैगिंग के खिलाफ सजग रहने की सलाह: दिनेश ठाकुर

**सिल्ली :** वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर सिल्ली पुलिस द्वारा गुरुवार को सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज में एंटी रैगिंग और क्रिमिनल लॉ पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस ने छात्र-छात्राओं को रैगिंग और आपराधिक कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और क्रिमिनल लॉ के प्रावधानों से परिचित कराना था। प्रभारी ने साइबर अपराध और आधुनिक अपराधों पर चर्चा करते हुए कहा कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

पी.आर.सं०– 336955 Minor Irrigation (24-25).D के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID/GUMLA/F$_1$-30/2024-25 DT-19.09.2024 में निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E-Tender on website | 24.09.2024 at 10:00 AM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 30.09.2024 up to 5:00 PM |
| Last Date for Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 30.09.2024 up to 5:00 PM |
| Date of Opening Tender | 04.10.2024 at 2:00 PM |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
PR 337250 Minor Irrigation (24-25)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला


## मोदी डीह में स्वास्थ्य शिविर कार्यालय आयोजन



**मुरीः** सी एस आर विभाग? हिण्डालको इंण्डटरीज लिमिटेड मुरी के द्वारा सामुदायिक भवन मोदी डीह में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया, शिविर उद्घाटन द्वीप जला कर किया गया।उदधाटन में बीडीओ रेणु बाला सी ओ ,मानव संसाधन हेड अरूण राय, सी आर हेड अनिल सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, नीतीश, भरत सिंह मौजूद थे।जिसमे सामुदायिक भस्वास्थ्य केंद्र सिल्ली सहयोग भी रहा।जांच शिविर में बीपी, बल्ड प्रेशर और टी बी उन्मूलन के लिए एडल्ट डोज दिया गया।मलेरिया,डेंगू और चिकनगुनिया के संबंध में लक्षण एवं उपाय भी बताया गया।सभी रोगियो की जांच के बाद दवा निशुल्क वितरित किया गया।

## दिव्यांग शिविर में निःशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण, दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी

**मांडर :** मांडर ब्लॉक परिसर में दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दिव्यांगजनों के बीच निशुल्क सहायक उपकरणों का वितरण किया। ये उपकरण श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए थे।

इस शिविर में 50 ट्राइसाइकिल, 25 व्हीलचेयर, 50 जोड़ी बैसाखी, 25 वॉकिंग स्टिक का वितरण किया गया और 25 लोगों का कृत्रिम अंग के लिए माप लिया गया। सहायक उपकरण निशुल्क मिलने से दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।



कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मनोरंजन कुमार, प्रखंड अंचलाधिकारी श्री राजेंद्र कुमार दास, मांडर प्रमुख श्री फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, जयपुर फुट के चेयरमैन श्री ललित केडिया, सचिव नेमी अग्रवाल, डॉक्टर एच.के. शाहू, कंप्यूटर ऑपरेटर जमील मलिक, मंगा उरांव और नसीम अंसारी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस शिविर के सफल आयोजन में अफरोज अंसारी, जाहिद अंसारी, इरफान अंसारी, नेसार अख्तर, और सहयोग कर्ता फिरोज अंसारी, मो निगार अली का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहन मिला।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटने से महिला घायल, रिम्स में भर्ती

**मांडर :** मिशन चौक के निकट गुरुवार को एक तेज रफ्तार ऑटो सड़क किनारे पलट गया, जिसमें मलती गांव की रहने वाली 55 वर्षीय सीता उरांव गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना दोपहर करीब एक बजे की है, जब सीता उरांव मिशन चौक के पास एक दुकान के सामने खड़ी थीं। इसी दौरान मांडर से बीजुपाड़ा की ओर जा रहा एक ऑटो तेज रफ्तार में होने के कारण असंतुलित हो गया और सड़क से फिसलकर दुकान के सामने आकर पलट गया। ऑटो के पलटने से सीता उरांव उसकी चपेट में आ गईं और घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक तेज गति में गाड़ी चला रहा था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची स्थित रिम्स में रेफर कर दिया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **07/2024-25** जिसका PR – 336246 है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | पूर्व का प्रकाशन | | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 4 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29-09-2024 समय 03.30 बजे अपराह्न तक | 30-09-2024 समय 03.30 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा के तकनीकी बीड खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 29-09-2024 समय 04.30 बजे अपराह्न | 30-09-2024 समय 04.30 बजे अपराह्न तक |

निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
लोहरदगा।
PR 337185 (Lohardaga)24-25*D


## करगे गांव में बारिश से गिरे घरों का डॉ. परमेश्वर भगत ने किया निरीक्षण



**मांडर :** मांडर प्रखंड के ग्राम करगे के ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए अपनी समस्याएं पूर्व डीडीसी सह भावी मांडर विधानसभा विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत के सामने रखी। ग्रामीणों का कहना है कि वे अत्यंत गरीबी रेखा के अंतर्गत आते हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर नहीं मिल पाता। अबूआ आवास योजना में भी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है।

पिछले माह तेज बारिश के कारण करगे गांव में कई गरीब परिवारों के घर गिर गए थे। इस त्रासदी के बाद पीड़ित ग्रामीण लगातार अंचल और प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटते रहे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर डॉ. परमेश्वर भगत ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित घरों का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों से सीधा संवाद किया।

निरीक्षण के बाद डॉ. भगत ने तत्काल उच्च अधिकारियों से संपर्क कर स्थिति की शिकायत दर्ज की और आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों को आपदा राहत राशि और विशेष कोटा के तहत अबूआ आवास जल्द से जल्द प्रदान किए जाएं।

पीड़ित परिवारों में मोहन उरांव, सुनीता उरांव, रंजित उरांव, बैला उरांव, सीता उरांव, मुनुवा उरांव, रतु उरांव, और बूदी उरांव शामिल हैं। डॉ. भगत के इस कदम से ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और उन्हें राहत मिलेगी।



## सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची :** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ द्वारा सीसीएल में जारी सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीएसआर विभाग के तत्वावधान में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज, रामगढ़ के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अभियान का थीम ₹ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए₹ है और यह अभियान 16 अगस्त सेप्रारम्भ हो चुका है।

उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन रोहित साथी, आईडीएसई, ईई, गैरिसन इंजीनियर, एमईएस, रामगढ़ एवं माननीय सीएमओ प्रभारी डॉ. भास्कर चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें 30 रक्तदाताओं की जाँच की गई तथा 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 16/2024–25**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road From NH 100 Pugmil Road near H/o of Yakub Ansari toward Oasis School (Backsite Gate) in ward no. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,16,600.00 | 12,500/- | 5900/- | 03 Month |
| 2. | Construction of RCC Drain from NH 100 Pugmil Road Near H/o of Yakub Ansari toward Oasis School (Backsite Gate) in ward no. 21 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 7,54,000.00 | 16,000/- | 5900/- | 03 Month |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय: नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 07.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 08.10.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
दिनांक 08.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न
4. विज्ञापनदाता का पदनाम:नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग
PR 337160 Urban Development and Housing(24-25).D


# तिरुपति बालाजी समेत देश के सभी मुख्य मंदिरों का हो, उच्च स्तरीय जांच : स्वामी सीताराम शरण

## देश के मुख्य मंदिरों का सरकारीकरण नहीं, समाजीकरण हो : सुनील

मेट्रो रेज




**रांची :** तिरुपति मंदिर में प्रसादम को गंभीर रूप से अपवित्र करने से आहत राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज ने कहा कि इस दुर्भाग्यजनक महापाप की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा होनी चाहिए। साथ ही भगवान के भक्तों को समाविष्ट कर ऐसी व्यवस्था की भी सुनिश्चित करनी चाहिए जिसमें इस तरह के षड्यंत्र की कोई संभावना न रह सके। उन्होंने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर से मिलने वाले प्रसादम की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की अगाध श्रद्धा होती है। दुर्भाग्य से इस प्रसाद को निर्माण करने वाले घी में गाय व सूअर की चर्बी तथा मछली के तेल की मिलावट के अत्यंत दुखद और हृदय विधायक समाचार आ रहे हैं। क्योंकि यही लड्डू अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी बंटा था। इसमें आसुरी शक्तियों का प्रवेश हो गया, यह बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय साजिश रची गई है। सनातन धर्म पर कुठाराघात हुआ है। भारत सरकार तत्काल इस मामले की जांच कर कठोर कार्यवाही करें। आज पूरे देश का हिंदू समाज अक्रोशित है, और हिंदुओं का क्रोध अलग-अलग रूप में प्रकट हो रहा है। कहा कि जिस तरह तिरुपति बालाजी के मंदिर में चर्बी युक्त लड्डू का मामला सामने आया है, इसको देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी मुख्य मंदिरों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। और जांच में दोषी पाए जाने वालों के ऊपर कठोर से कठोर सजा होनी चाहिए, यहां तक की फांसी की सजा तक मुकर्रर की जानी चाहिए।ताकि हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले को इस तरह की षड्यंत्र करने से पहले सौ बार नहीं, हजार बार सोचना पड़े। वहीं राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि तिरुपति बालाजी के लड्डू जैसे बतौर प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलने वाली घटना हृदय विदारक है। यह देश के लगभग 120 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाली घटना है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को ऐसी कठोर सजा मिले की, ताकि देश की किसी भी मंदिरों में इस तरह की घटना घटित ना हो सके। क्योंकि इस घटना के बाद कुछ अन्य मुख्य मंदिरों के प्रसाद पर भी शंका उत्पन्न होने लगी है। दूसरी ओर सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आज देश में जितने मुख्य मन्दिर हैं सरकार से मुक्त कर निजीकरण किए जाने की जरूरत है। कहा की तिरुपति बालाजी मंदिर का संचालन आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित बोर्ड करता है। वहां केवल प्रसाद निर्माण के मामले में ही हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया, अपितु हिंदुओं के द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से अर्पित की गई राशि आणि चढ़ावा के सरकारी अधिकारियों व नेता, मंत्रियों द्वारा दुरुपयोग के भी कष्टकारी समाचार मिलते रहते हैं। कई बार तो हिंदुओं के धर्म पर आघात कर हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं को इस पवित्र राशि से अनुदान देने की समाचार तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक जैसे अन्य राज्यों से भी मिलते रहे हैं। अर्थात राष्ट्र सेवा फाउंडेशन केंद्र सरकार से मांग करती है कि, यदि देश के मुख्य मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं, तो मजार, मस्जिद, गिरजाघर गुरुद्वारा भी सरकार के नियंत्रण में होनी चाहिए ? और यदि मजार, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा सरकार के नियंत्रण से मुक्त है तो, हमारे मठ मंदिर भी सरकारी नियंत्रण से मुक्त होनी चाहिए? क्योंकि जब तक मठ मंदिरों को समाजीकरण नहीं किया जाएगा, तब तक हमें इस तरह की खबरें हो सकता है दुर्भाग्य से मिलती रहे!? अन्यथा राष्ट्र सेवा फाउंडेशन की इस मांग को जब तक केंद्र सरकार द्वारा पूरा नहीं की जाती है, तब तक संगठन इस आंदोलन की लड़ाई को जारी रखेगी !


**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**
**(आपूर्ति शाखा)**

**परिवहन अभिकर्त्ता के चयन हेतु निविदा का अवधि विस्तार की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (JSFC) के गोदामों से गुमला जिले के प्रखंडो में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य समग्रियों के डोर स्टेप डिलिवरी (DSD) हेतु परिवहन–सह–हथलन अभिकर्त्ता का Gem Portal के माध्यम से पुनः निविदा आमंत्रित किया गया है।

निविदा हेतु विवरणी:–

| क्र0सं0 | जिला | प्रखण्ड | BID NO |
|---|---|---|---|
| 1 | गुमला | गुमला | Gem/2024/B/5299393 |
| 2 | | घाघरा | Gem/2024/B/5300258 |
| 3 | | विशुनपुर | Gem/2024/B/5299017 |
| 4 | | रायडीह | Gem/2024/B/5300051 |
| 5 | | चैनपुर | Gem/2024/B/5300001 |
| 6 | | डुमरी | Gem/2024/B/5300166 |
| 7 | | पालकोट | Gem/2024/B/5299646 |
| 8 | | कामडारा | Gem/2024/B/5300108 |
| 9 | | बसिया | Gem/2024/B/5299931 |
| 10 | | सिसई | Gem/2024/B/5300301 |
| 11 | | भरनो | Gem/2024/B/5299878 |

इच्छुक निविदाता दिनांक– 24.09.2024 से 03.10.2024 तक GEM Portal पर निविदा अपलोड कर सकते है। उक्त निविदा को दिनांक 04.10.2024 को 1.00 बजे अपराह्न से उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय के सभा कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जाएगा, जिसमें निविदाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निविदा को प्रस्तुत करने हेतु समय तालिका

| कं0सं0 | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 24.09.2024 से 03.10.2024 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.10.2024 समय 1.00 अपराह्न |
| 3 | निविदा खोलने का स्थान | उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः– निविदा की शर्त एवं विस्तृत जानकारी हेतु **Gem Portal** पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गुमला।
PR.NO.337073 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25):D

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 10 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 23 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ विकसित भारत के लिए पर्यटन

आदित्य धर की आगामी फिल्म में नजर आएंगे रणवीर सिंह ◂◂ 6


## पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने पूछा- क्या है ट्रायल की स्थिति



मेट्रो रेज

**रांची :** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने हाईकोर्ट का रूख किया है। पंकज मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल कोर्ट से यह जानकारी मांगी है कि ट्रायल की क्या स्थिति है। अब इस मामले पर हाईकोर्ट 18 अक्टूबर को सुनवाई करेगा।

**ईडी ने जुलाई 2022 में पंकज मिश्रा को किया था गिरफ्तार :** बता दें कि सीएम के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान एऊ पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है। वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान एजेंसी ने कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ कैश जब्त किया था।

## चेक बाउंस केस : कोर्ट ने 24 लाख भुगतान के आदेश को रखा बरकरार

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी करार दिये गये अमित कुमार सोनी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उसकी अपील भी खारिज कर दी है। 19 लाख 85 हजार चेक बाउंस केस में निचली अदालत ने उसे एक वर्ष की सजा और 24 लाख का जुमार्ना लगाया था। जिसे अमित कुमार सोनी ने प्रधान न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जुमार्ना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

**अमित के दोनों चेक हो गये थे बाउंस :** दरअसल अमित कुमार सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 19 लाख 85 हजार के दो अलग-अलग चेक दिये थे। लेकिन यह चेक बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी और सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था। अजय जैन की कंप्लेंट केस पर ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट जेनिस मिंज की कोर्ट में फैसला दिया था।

## तेज आवाज के साथ हुआ लैंड स्लाइड, शहर में छाया धूल का गुबार

### मौके पर राहत बचाव की टीम पहुंची

**बस्ताकोला :** बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर प्रोजेक्ट के कोयला फेस का बड़ा हिस्सा शुक्रवार के सुबह करीब पांच बजे भूमिगत जल के दबाव से स्लाइड कर गया। इस दौरान तेज आवाज के साथ भूमिगत जल के हजारो गैलन पानी कई पुराने अंडर ग्राउंड गैलरी से एक साथ निकलना शुरू हो गया।

**धूल के गुबार के ने आसमान को ढंक लिया :** स्थानीय लोगों की माने तो तेज आवाज ओर स्लाइड स्थल से भारी मात्रा में धूल कण का गुबार उठा जो आसमान को ढक लिया। लोगों ने कहा कि आवाज इतनी जोरदार थी कि ऐसा लगा की ज्वाला मुखी विस्फोट हुआ हो। धूल के गुबार ने धनबाद शहर के बैंक मोड ,गोधर, भूली सहित लगभग पुरे शहर को अपने आगोश में ले लिया। घटना के कारण कोयला फेस में जल निकासी में लगे पांच पंप ,दर्जनों बिजली लाइन के पोल, एक पुराना ब्रेक डाउन वाहन,जल मग्न हो गए। इस घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों इसे देखने के लिए मौके पर जुट गए। इस घटना में सबसे अच्छी बात ये रही कि किसी की भी जान नहीं गई।

**दो महीने से बंद है कोयला उत्पादन :** कोयला फेस से करीब दो महीने से कोयला का उत्पादन बंद है। यहां डेको नामक कंपनी पेटी पर कोयला उत्पादन कर रही थी। घटना के बाद बीसीसीएल अधिकारियो मे हड़कंप मच गया। सूचना पर बस्ताकोला क्षेत्र के जीएम अनिल कुमार सिन्हा , एजीएम टी पासवान ,राजापुर प्रोजेक्ट के के सिंह दर्जनों कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच निरीक्षण किया।



### लातेहार में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी सुरक्षा की गारंटी, कहा

## रोटी, बेटी और माटी के लिए है परिवर्तन यात्रा



मेट्रो रेज

**लातेहार:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को लातेहार के दौरे पर हैं। इस दौरान नेतरहाट में आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए भाजपा ने परिवर्तन यात्रा आरंभ की है। उन्होंने गारंटी दी कि भाजपा की सरकार बनते ही विकास के साथ-साथ सभी को सुरक्षा भी मिलेगी।

नेतरहाट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान में झारखंड में रोटी, बेटी और माटी को सुरक्षित करने में हेमंत सोरेन की सरकार पूरी तरह असफल रही है। यह परिवर्तन यात्रा इसीलिए आयोजित की जा रही है ताकि झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा हो सके।

उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति और यहां के आदिवासियों की परंपरा अनोखी है। परंतु वर्तमान की झारखंड सरकार के कारण यहां की संस्कृति और परंपरा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आदिवासियों के हक और अधिकार को छीना जा रहा है। इसी अन्याय के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा आयोजित की गई है। यह परिवर्तन यात्रा आने वाले चुनाव में झारखंड राज्य में खुशहाली लेकर आएगी।

**रोजगार के साथ-साथ सुरक्षा और सम्मान भी :** केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड में विधानसभा 2024 के चुनाव के बाद झारखंड में सत्ता परिवर्तन होना अनिवार्य है। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले यहां रिक्त पड़े लगभग 2 लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा, ताकि झारखंड का विकास पूरे रफ्तार के साथ हो सके। इसके अलावे स्नातक अथवा उससे अधिक शिक्षा पाने वाले युवाओं को स्थाई रोजगार से जोड़ने तक 2 हजार रुपए प्रति माह दिया जाएगा।

किसानों को 5 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। महिलाओं को प्रत्येक महीना खाते में राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्का आवास, सभी को स्वास्थ्य बीमा एवं अन्य लाभ दिए जाएंगे।

**आदिवासी परंपरा से ग्रामीणों ने किया स्वागत, जमीन पर बैठकर किया भोजन**

इससे पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री के नेतरहाट पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने आदिवासी परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया। बाद में केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ-साथ अन्य नेताओं ने भी एक ग्रामीण के घर जाकर जमीन पर बैठकर एक साथ भोजन किया। यहां के ग्रामीणों के द्वारा किए गए स्वागत से केंद्रीय कृषि मंत्री काफी गदगद हुए। मौके पर भाजपा नेता सुनील सिंह, समीर उरांव, विधायक शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री बंसी यादव समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## इजराइली सेना के हमले में हिजबुल्लाह का कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर ढेर





**इजरायली रक्षा बल ने पर पोस्ट किया और जानकारी दी कि हत्या कर दी गई; बेरूत में क्अऋके सटीक हमले में हिजबुल्लाह के हवाई कमांड के कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर की मौत हो गई।**

**तेल अबीब :** इजरायली वायु सेना ने हिजबुल्लाह के हवाई कमांड के कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर को मार गिराने का दावा किया है। यह ऑपरेशन हिजबुल्लाह की हवाई क्षमताओं के लिए एक गंभीर झटका है, जिसका इस्तेमाल इजरायली नागरिकों के खिलाफ कई हमलों में किया गया है। इजरायली रक्षा बल ने पर पोस्ट किया और जानकारी दी कि हत्या कर दी गई; बेरूत में क्अऋ के सटीक हमले में हिजबुल्लाह के हवाई कमांड के कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर की मौत हो गई। आईडीएफ के अनुसार, सरूर को कई हवाई आतंकवादी अभियानों से जोड़ा गया है, खासकर हाल ही में हुए आयरन स्वॉर्ड्स युद्ध के दौरान, जहां उसने इजरायली नागरिकों और इजरायली सैनिकों दोनों के खिलाफ मानव रहित हवाई वाहनों (वअश) और विस्फोटक उपकरणों का उपयोग करके हमलों की योजना बनाई थी।

हाल के वर्षों में, श्रीउर कथित तौर पर दक्षिणी लेबनान में यूएवी के निर्माण की पहल में सबसे आगे थे, उन्होंने यूएवी उत्पादन और खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए साइटों की स्थापना की। उल्लेखनीय रूप से, ये साइटें बेरूत और दक्षिणी लेबनान में नागरिक बुनियादी ढांचे के पास रणनीतिक रूप से स्थित थीं, जिससे गैर-लड़ाकों के लिए संभावित जोखिमों के बारे में चिंताएं बढ़ गईं।

श्रीउर के सैन्य करियर में हिजबुल्लाह की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल इकाई के कमांडर के रूप में सेवा करना और राडवान फोर्स की 'अजीज' इकाई का नेतृत्व करना शामिल था। इसके अलावा, उन्हें यमन में हिजबुल्लाह के दूत के रूप में जाना जाता था, जो हौथी आतंकवादी शासन के एरियल कमांड के साथ मिलकर काम करते थे।

## तेलंगाना मंत्री श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप



**हैदराबाद :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तेलंगाना सरकार के मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर रेड डाली। मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर छापेमारी की जा रही है। ईडी की ओर से यह कार्रवाई कथित कस्टम ड्यूटी के उल्लंघन से जुड़े मामले में की जा रही है।

ईडी की जांच कस्टम विभाग के चेन्नई कार्यालय द्वारा शुरू की गई थी, जिसमें मंत्री के बेटे पी। हर्षा रेड्डी के दो लग्जरी घड़ियों की खरीद के संबंध में संज्ञान लिया गया था। यह घड़ियां 1.7 करोड़ रुपये की थीं और कस्टम विभाग ने हर्षा रेड्डी को इस मामले में समन जारी किया था।

कस्टम विभाग की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि इन महंगी घड़ियों को हांगकांग से सिंगापुर तस्करी कर पहुंचाया था। जब एक डीलर सिंगापुर से लौट रहा था, तब कस्टम विभाग ने इन घड़ियों को जब्त कर लिया। जब्त घड़ियों में एक पैटेक फिलिप 5740 और एक बरेगेट 2759 शामिल हैं।

ईडी की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि इन घड़ियों की खरीद के लिए क्रिप्टोकरेंसी और हवाला का इस्तेमाल किया गया था। ईडी जांच में इस बात की जानकारी मिली। इस बीच, ईडी की ओर से की जा रही इस छापेमारी के दौरान घर के अंदर और बाहर किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी गई है। मुख्य दरवाजे को भी बंद कर दिया गया है। दरवाजे के बाहर मीडिया कर्मियों का जमावड़ा लगा हुआ है। छापेमारी को लेकर ईडी के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई जानकारी साझा नहीं की गई है, और न ही मंत्री या उनके परिजनों की कोई प्रतिक्रिया सामने आई है।

मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी के बाद राजनीतिक हलचल तेज होने की भी संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी ने ईडी सीबीआई पर भाजपा के लिए चंदे जुटाने तक का आरोप लगाया था। तब पीएम ने भी कांग्रेस को उसका इतिहास याद दिलाते हुए कहा था कि ये एजेंसियां तो आपके हाथों की कठपुतली थीं फिर आप चुनाव क्यों हारे।

## हाथरस में स्कूल की 'तरक्की' के लिए दी गई 11 साल के बच्चे की बलि, 5 आरोपी गिरफ्तार

**हाथरस :** यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है। जानकरी के अनुसार, स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी गई। सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है। दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा (11 साल) की हत्या गला दबाकर की गई थी। छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था। इस मामले में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मृतक के पिता कृष्ण कुमार की ओर से 23 सितंबर को सहपऊ थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए थाना सहपऊ पुलिस को निर्देश दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राम प्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल, जशोधन सिह उर्फ भगत, लक्ष्मण सिंह, और वीरपाल सिंह उर्फ वीरू शामिल हैं। सभी आरोपी अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, इस घटना की जड़ स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल के पिता जशोधन सिंह से है, जो तंत्र-मंत्र करता था। स्कूल प्रबंधक और उसके पिता ने बच्चे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका मानना था कि बच्चे की बलि देने के बाद उनका स्कूल और काम धंधा अच्छा चलने लगेगा। उन्होंने स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी।

## बिहार के समस्तीपुर में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव, कई बोगियों के शीशे टूटे

**समस्तीपुर :** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने पथराव कर दिया है। जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात करीब नौ बज कर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

**अधिकारियों ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया :** इस घटना में पेंट्रीकार समेत तीन कोच की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। बता दें कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना के सिलसिले में संबंधित अधिकारियों ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद ट्रेन मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गई।

**पथराव से यात्रियों में फैली दहशत :** स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रेन पर पथराव से यात्रियों में दहशत फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय सतर्क लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी और कुछ देर बाद रेलवे सुरक्षा बल के जवान भी वहां पहुंच गए।

समस्तीपुर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) आरके सिंह ने बताया कि एक पेंट्रीकार और दो बोगियों ए-1 और बी-2 की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।






## सुविचार

जीवन में सारा खेल बस विचारों का है...
विचार अच्छे रखिए सब अच्छा होगा...

## क्या करेंगे सिद्दारमैया

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से जुड़े एक मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला पहली नजर में कांग्रेस और सिद्दारमैया सरकार के लिए झटका है। बीजेपी ने स्वाभाविक ही इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। हालांकि देखा जाए तो हाईकोर्ट का यह फैसला मुख्यमंत्री की भूमिका पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं है। कोर्ट के सामने सवाल यह था कि मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच को मंजूरी देने का राज्यपाल का फैसला सही है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल आम तौर पर कैबिनेट की सलाह के मुताबिक ही काम करते हैं, लेकिन अपवाद के तौर पर कुछ मामलों में वह अपने विवेक से फैसला कर सकते हैं। मौजूदा मामला हाईकोर्ट के मुताबिक अपवाद की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह रास्ता खुल गया है कि इस मामले में जांच की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री दोषी हैं या नहीं, यह तो जांच के बाद साफ होगा। अभी सिर्फ पक्ष और विपक्ष में किए जा रहे दावे हैं, जिनके आधार पर कोई ठोस नतीजा नहीं निकाला जा सकता। मगर मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी मामले में जांच शुरू होना भी कोई छोटी बात नहीं है। इसके साथ यह सवाल भी जुड़ जाता है कि क्या संबंधित व्यक्ति के मुख्यमंत्री पद पर बने रहते हुए सरकारी एजेंसियां निष्पक्ष जांच कर पाएंगी। यही वजह है कि हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को बल मिल गया है। हालांकि अभी हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील का विकल्प बाकी है। बहुत संभव है कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस पार्टी इस मसले पर अपना रुख बदलने से पहले सुप्रीम कोर्ट की राय सामने आने का इंतजार करें। हाल के वर्षों में जहां राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं और सरकार चला रहे लोगों के खिलाफ आरोपों और विवादों में तेजी आई है, वहीं इन विवादों पर संबंधित पक्षों से एकदम अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हाल के ऐसे दो चर्चित मामले देखें तो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल जाने से पहले पद छोड़ दिया और जमानत पर छूटने के बाद वापस पद पर काबिज हो गए। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में रहते हुए पद पर बने रहे और जमानत पर बाहर आने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। ऐसे हर मामले में राजनीति के अलग-अलग समीकरण देखे जा सकते हैं। ये मामले देश की लोकतांत्रिक चेतना के अलग-अलग पहलुओं का भी परिचय देते हैं। देखना होगा कि कर्नाटक का घटनाक्रम आगे चुनावी राजनीति का कौन सा रंग दिखाता है।

## जबान संभाल के

**कर्नाटक हाईकोर्ट** के एक जज की ओर से हाल में एक सुनवाई के दौरान की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जो सख्त हिदायत दी, वह जूडिशरी के साथ ही शासन और समाज के अन्य हिस्सों पर भी लागू होती है। संबंधित जज की ओर से माफी मांग लिए जाने के बाद इस केस को ठीक ही बंद कर दिया गया, लेकिन चीफ जस्टिस की अगुआई वाली पांच सदस्यीय बेंच के इस दौरान दिए गए ऑब्जर्वेशन खास तौर पर गौर करने लायक हैं। यह मामला महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि हाईकोर्ट के जज की जो टिप्पणियां सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, उनमें दिखने वाला पूर्वाग्रह समाज के व्यापक दायरे में प्रचलित है। रोजमर्रा की जिंदगी में आम तौर पर लोग शहर के किसी खास हिस्से का पाकिस्तान या मिनी पाकिस्तान के रूप में जिक्र करते पाए जाते हैं। महिला विरोधी पूर्वाग्रह भी हमारे समाज की एक पुरानी और गहरी बीमारी है। ऐसे में जब हाईकोर्ट का जज किसी महिला वकील पर अशोभनीय टिप्पणी करता या शहर के किसी खास क्षेत्र को पाकिस्तान बताता दिखेगा तो उसके दुष्प्रभावों की सहज ही कल्पना की जा सकती है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए इस पर कार्रवाई शुरू करना शुभ संकेत है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ का यह कहना भी अहम है कि देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान बताना हमारी क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख ने न केवल न्यायपालिका को बल्कि जिम्मेदार पदों पर बैठे सभी लोगों को यह संदेश दिया है कि उन्हें अपनी टिप्पणियों को लेकर गंभीर होना चाहिए। इस मामले का एक और अहम पहलू है पारदर्शिता। चूंकि यह मामला हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आई टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल होने का था और जज का कहना था कि उनकी टिप्पणी को संदर्भों से काटकर पेश किया गया है, इसलिए कुछ हलकों में यह बात भी होने लगी थी कि हाईकोर्ट की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग बंद होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश न रखते हुए साफ कर दिया कि अगर पारदर्शिता से कोई समस्या आती है तो उसका एकमात्र जवाब है और ज्यादा पारदर्शिता। सुप्रीम कोर्ट के रुख से साफ है कि सोशल मीडिया आज के दौर की हकीकत है और इससे बचने का प्रयास करने के बजाय इसकी मौजूदगी को स्वीकार करते हुए बेहतर तैयारी के साथ इससे पेश आने की जरूरत है।

# विकसित भारत के लिए पर्यटन

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर मंत्रालय ने –देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्रव्यापी पोल शुरू किया ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों पर विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए ह्नसरकार के प्रत्येक स्तरह्न पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदेभारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है ।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देशभर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए। एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को ह्नदेखो अपना देशह्न के लिए प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकश का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रखरखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है। एकता नगर के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया हैझ एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब ह्नसरकार के हर स्तर परह्न चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर मंत्रालय ने -देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्रव्यापी पोल शुरू किया ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें। आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

**(लेखक, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं।)**

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं।

**आर.के. सिन्हा**

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए?

यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे?

चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है।

मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता-पिता और स्कूल के अध्यापक बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताएं। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है। नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। वे बहुत मामूली-सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा। बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते हैं, वही अब घरों में भी होने लगा है! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे।

यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को चाहिये कि सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में अपने व्यवहार से एक अच्छा उदाहरण स्थापित करने का प्रयास करें। अब घर के बड़े सदस्य भी फेसबुक या इंस्टा पर अपनी फोटो डाल रहे होते हैं। उसके बाद कई उत्साही लोग तो अपने दोस्तों को फोन भी करते हैं कि उनकी पोस्ट पर लाइक या कमेंट करें। जब अभिभावक ही सोशल मीडिया को दिन-रात वक्त देने लगे हैं तो वह अपने बच्चों को इससे कैसे दूर कर सकेंगे। उन्हें इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा। आप अपने घर के सदस्यों पर डाइनिंग रूम या बेडरूम में सोशल मीडिया से जुड़ने पर रोक लगा सकते हैं।

आप अपने बच्चों से बात कर सकते हैं कि सोशल मीडिया को बहुत वक्त देना क्यों सही नहीं है। उन्हें साइबर बुलिंग के बारे में बताएं। अब यह भी जान लें कि साइबर बुलिंग क्या है? दरअसल साइबर बुलिंग डिजिटल तकनीकों के इस्तेमाल से की जाने वाली बदमाशी है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन पर हो सकती है। इसका उद्देश्य लोगों को डराना या शर्मिंदा करना है। अब आप इसे कुछ उदाहरणों से भी समझ लें। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना या उसकी शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करना। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपमानजनक या धमकी भरे संदेश, चित्र या वीडियो भेजना। साइबर बुलिंग के शिकार लोगों पर इसका बहुत गहरा असर पड़ता है। इसलिए माता-पिता या घर के किसी बड़े सदस्य को चाहिए कि वह सोशल मीडिया में दिन-रात बर्बाद करने वाले सदस्य को इसके खतरों से आगाह करें।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# 'कौओं' के बगैर श्राद्ध पक्ष की परंपरा अधूरी

**धर्म-अध्यात्म**

श्राद्ध पक्ष चल रहे हैं। इन दिनों गुजरे लोगों को याद करना और उनका मनपसंद भोजन बनाकर परोसने की परंपरा निभाई जाती है। मान्यताओं के मुताबिक स्वर्गीय तक यह भोजन कौओं द्वारा पहुंचाया जाता है। श्राद्ध में कौए परलोकी लोगों के वाहक बनते हैं। पर, कौए इन्हीं दिनों में दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ते। श्राद्ध का भोजन लेकर लोग उनके आगमन का लंबा इंतजार करते रहते हैं लेकिन वो नहीं आते। हों तो ही आए न? हैं ही नहीं। जबकि श्राद्ध में भोजन उन्हीं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता है। जाहिर है जब कौए ही नहीं होंगे, तो श्राद्ध की मान्यताएं भला कैसी पूरी होगी? हमेशा से होता आया है कि श्राद्ध में पितरों का भोजन जब तक कौए न खाएं श्राद्ध की मान्यताएं पूरी नहीं होती। कौए आएंगे, खाना चुगेंगे और पितरों तक पहुंचाएंगे, लेकिन कौवे नहीं आते? ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कहीं-कहीं दिख जाते हैं लेकिन शहरों से कौवे पूरी तरह गायब हो चुके हैं।

प्राचीन परंपराओं के अनुसार श्राद्धों से कौवों का सीधा संबंध है। श्राद्धों में जो व्यंजन बनते हैं उन्हें पितरों तक कौए ही पहुंचाते हैं। श्राद्ध में लोग अपने गुजरे पितरों को भोजन कराने के लिए घरों की छतों, खेतों, चौक-चौहराहों पर रखते हैं और कौओं के आने का इंतजार करते हैं। श्राद्ध का खाना कौआ खा ले, तो समझा जाता है कि श्राद्ध की आस्था पूरी हुई। कौओं की संख्या लगातार कम होने से उनकी जगह गली-मोहल्ले के आवारा कुत्ते श्राद्ध के भोजन पर झपट्टा मारते देखे जाते हैं। कौए नहीं आते तो लोग मजबूरन इन्हीं को कौवों का प्रतिरूप मान कर मन को समझा लेते हैं। क्योंकि इसके सिवा दूसरा कोई विकल्प भी नहीं। दूषित पर्यावरण के चलते विलुप्त होती प्रजातियों में कौए भी शामिल हैं। एक वक्त था, जब घरों के आंगन और मुंडेरों पर कौओं की बहुतायत होती थी। उनकी आवाज सुनने को मिलती थीं। दरअसल, कौए हमेशा से अन्य पक्षियों के मुकाबले तुच्छ माने गए हैं। कौए का शरीर औषधि के तौर पर भी प्रयुक्त किया गया है। कौए छोटे-छोटे जीव एवं अनेक प्रकार की गंदगी खाकर भी अपना पेट भर लेते हैं। श्राद्ध पक्ष में इस दुर्लभ पक्षी की भक्ति और विनम्रता से यथाशक्ति भोजन कराने की बात विष्णु पुराण में कही गई है। तभी कौओं को पितरों का प्रतीक मानकर श्राद्ध पक्ष के सभी दिनों में उन्हें भोजन करवाया जाता है। श्राद्धों में कौओं को खाना और पीपल को पानी पिलाकर पितरों को तृप्त किया जाता है। कौओं के संबंध में एक और दिलचस्प बात प्रचलित है। किसी के आगमन की सूचना भी इनकी चहलकदमी से जोड़ी जाती रही है। एक वक्त वह भी था जब परिवार की महिलाएं शगुन मान कर कौवा को मामा कह कर घर में बुलाया करती थी, तो कभी उसकी बदलती हुई दिशा में कांव-कांव करने को अपशकुन मानते हुए उड़ जा कह-के बला टालतीं थीं।

**डॉ. आर ठाकुर**

## पत्र

### सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

**देश** के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए।

**रामप्रवेश सिंह, टाटीसिल्वे, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# मंईयां सम्मान योजना आधी आबादी का हक : कल्पना

मेट्रो रेज

**लातेहार :** मंईयां सम्मान यात्रा के तहत बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार की देर शाम झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे, महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह पहुंचे. कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार महिलाओं को सम्मान देते हुए महिला व 21 वर्ष से ऊपर महिलाओं को एक हजार रुपए हर महीने देकर सम्मान देने का कार्य किया है. उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है. भाजपा ने राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में जेल भेजने का कार्य किया है. जनता सब देख रही है. पांच साल के दौरान भाजपा सरकार को बराबर अस्थिर करने का प्रयास किया है. भाजपा की



सरकार चाहती है कि यहां के आदिवासी सरकार कुर्सी पर नहीं बैठे.

शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है, आप लोग अभी से ही सतर्क हो जाएं और आने वाले दिनों में सभी गरीब, पिछड़ा, आदिवासी मिलकर माटी की पार्टी को वोट करने की जरूरत है. अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफ करना समेत कई लाभकारी योजना चल रही है. इस मौके पर लातेहार डीडीसी सुरेंद्र सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बीडीओ सोमा उरांव, अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, झामुमो जिला संयुक्त सचिव मो. इमरान, झामुमो नेता प्रदीप गंझू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, झामुमो नेता राजेश यादव, मो नौशाद आलम, रामवृक्ष गंझु व राजेंद्र गंझु सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## रामगढ़ गोदाम प्रबंधक पर गबन का मुकदमा दर्ज, 13 हजार क्विंटल खाद्यान्न गायब

मेट्रो रेज

**रामगढ़।** जिले के रांची रोड मरार स्थित झारखंड राज्य निगम गोदाम के सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली पर गबन का मुकदमा दर्ज हो चुका है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रीना कुजूर ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, 7 करोड रुपये से अधिक का घोटाला संजीव कुमार ने सिर्फ खाद्यान्न की कालाबाजारी कर किया है। उन पर 12495.95 क्विंटल खाद्यान्न और 4.89 क्विंटल चीनी गोदाम से गायब करने का आरोप है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत खाद्यान्न कालाबाजारी करने, सरकारी दस्तावेज को छुपाने के आरोप में संजीव करमाली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि संजीव करमाली जनसेवक के पद पर थे और उन्हें वर्ष 2019 में प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया था। प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक ने वर्तमान माह के आवंटित खाद्यान्न, आगामी माह के लिए प्राप्त खाद्यान्न से लगातार निर्गत किया था। इसके कारण आवंटित माह के लिए झारखंड राज्य निगम गोदाम से खाद्यान्न के उठाव में अनावश्यक विलंब हो रहा था।

इस संदर्भ में विभिन्न पत्रों, मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से अद्यतन इन वर्ड रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, सेल रजिस्टर जिला कार्यालय में सत्यापन करने का निर्देश दिया गया था लेकिन उनके द्वारा उक्त रजिस्टर का सत्यापन नहीं कराया गया। अंततः कार्यालय में उपलब्ध प्रभार प्रतिवेदन, प्रभार के पश्चात एफसीआई से जीएसएफसी के गोदाम में आगत खाद्यान्न, डीएसडी के तहत जीएसएफसी के गोदाम से डीलर के गोदाम तक निर्गत खाद्यान्न आदि का मिलान ऑनलाइन रिपोर्ट से करते हुए गोदाम में भंडारित खाद्यान्न आदि की वास्तविक मात्रा के साथ 18 सितंबर को पूरी जांच की गई।

प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रीना कुजूर ने वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। गोदाम में उपस्थित प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक से पंजी की मांग करने पर उन्होंने देने से साफ इनकार किया। साथ ही पंजी घर पर रहने की बात कही गई। इस निरीक्षण के दौरान गोदाम में भंडार खाद्यान्न का सत्यापन प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव करमाली की उपस्थिति में की गई।

# हेमंत सोरेन की सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ : विजय

- राजमहल सांसद ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का लिया जायजा
- बाढ़ राहत व बचाव तेज करने के लिए डीसी से की वार्ता
- बाढ़ के बाद बीमारियों से बचाव के लिए व्यवस्था सुदृढ़ करने पर की चर्चा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** राजमहल सांसद विजय हांसदा ने गुरुवार को झामुमो जिला अध्यक्ष मो शाहजहां अंसारी,एमटी राजा, केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम सहित अन्य के साथ बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान बाढ़ से उत्पन्न हालात पर चिंता जताई।उन्होंने कहा कि गंगा नदी में जलस्तर ने भयावह रूप ले लिया है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ है।उनके लिए हर जरूरी व्यवस्था की जा रही है।उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से प्रशासन के बनाये राहत शिविरों में शरण लेने की अपील की।विशेष कर दियारा वासियों से मवेशियों के साथ दियारा छोड़ने की अपील की।शहर के तटीय इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए खुद को व बच्चों को दूर रखने की अपील की।सांसद ने कहा जनता की जान-माल की सुरक्षा की हर संभव कोशिश की जाएगी।सांसद ने बताया कि साहिबगंज,राजमहल व उधवा के 30 पंचायत बुरी तरह बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इस दिशा में प्रशासन को स्पष्ट निर्देश है कि राहत व बचाव कार्य में तेजी लाई जाए। सांसद ने मदनशाही में राहत सामाग्री के तौर पर चूड़ा,गुड़, मिट्टी तेल,दाल,चावल,माचिस, मोमबत्ती,बच्चों के लिए दूध, प्लास्टिक का वितरण किया। सांसद ने बताया कि राहत सामाग्री पर्याप्त मात्रा में मौजूद है।उन्होंने डीसी हेमंत सती से लोगों के स्वास्थ्य पर भी फोकस रखने को कहा।पशुओं के चारा व इलाज की व्यवस्था के लिए भी कहा।साथ ही डीसी से वार्ता करते हुए बाढ़ राहत व बचाव कार्य तेज करने व राहत शिविरों में पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने के लिए चर्चा की।कहा कि साहिबगंज की जनता को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इस मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत,सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार, सदर सीओ, संजय शुक्ला, मुखिया किसनी देवी, राजू अंसारी, सद्दाम अंसारी सफाजुद्दीन इरशाद रियाजुल अलाउद्दीन मुखिया, मिस्टर, महेंद्र मंडल, महताब, मुमताज, दीपक चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना शुरू




**साहिबगंज/ मेट्रो रेज :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत मेगा शिविर कार्यक्रम का आयोजन प्रभात तारा मैदान, धुर्वा राँची में किया गया है।जिसमें साहेबगंज जिला के विभिन्न प्रखंडों से तीन सौ लाभुक कृषकों की भागीदारी मेगा शिविर कार्यक्रम में सुनिश्चित कि गई। जिला में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत 13722 तेरह हजार सात सौ बाईस कृषकों को इस योजना से लाभान्वित किया गया है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति इसके योगदान के लिए सराहा

**साहिबगंज/ मेट्रो रेज :** संत जेवियर्स स्कूल साहिबगंज को झारखंड राज्य सरकार द्वारा राज्य में और विशेष रूप से जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति इसके योगदान के लिए सराहा और सम्मानित किया गया। स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र झारखंड के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री श्री हफीजुल हसन द्वारा गुरूवार को फेलिसिटी बैंक्वेट हॉल, रांची में प्रदान किया। इस संस्थान और देश को निरंतर आशीर्वाद देते रहें।वही दुसरी ओर भारी बारिश को देखते हुए संत जेवियर स्कूल प्रबंधन प्रोविडेंस स्कूल प्रबंधन ने शुक्रवार को एक दिन की छुट्टी की घोषणा किया है।

# बाढ़ क्षेत्र में जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किया राहत सामग्री का वितरण

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला सहित आसपास क्षेत्र में गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि से एक ओर जहां जन जीवन अस्त व्यस्त है। तो वही दूसरी ओर दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का पानी तेजी से घुसने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। कई सड़कों पर भी पानी घुसने से प्रखंड मुख्यालय का संपर्क टूट गया है। जिससे लोगों को आवागमन के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोग रात जागकर अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहे है। बाढ़ के पानी से गांव जलमग्न हो गया है। मवेशियों को भी चारा के लिए काफी दिक्कत हो रही है।दियारा क्षेत्र में बसे दो हजार से अधिक घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इसे हजारों परिवार प्रभावित हुए है। घरों में पानी घुसने से लोग मचान बनाकर या फिर अपने रिश्तेदार के घरों में पनाह ली है। बाढ़ से अब तक उत्तर व दक्षिण पलाश गाछी, पूर्वी व पश्चिमी प्राणपुर, श्रीधर आदि क्षेत्र बाढ़



ग्रस्त है। जबकि उत्तर व दक्षिण पियारपुर,पूर्वी व पश्चिमी उधवा दियारा, अमानत दियारा, चांद शहर, बेगमगंज आंशिक रूप से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र है। बाढ़ के चपेट में आने से उधवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित लगभग दस से अधिक स्कूलों में पानी प्रवेश कर गया है। जिससे पठन पाठन में बच्चों को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। सूत्रों की माने तो यूपीएस साहेब टोला विद्यालय, यूपीएस गणेश मंडल टोला, असराउल टोला, मध्य विद्यालय बानू टोला, यूपीएस जमशेद टोला, यूपीएस अकून बना, यूपीएस लुटफुल टोला, यूपीएस गोराई टोला,यूपीएस तैमूर टोला सहित दस बारह स्कूलों में पानी प्रवेश कर गया है। पठन पाठन में बाधित न हो इसको लेकर शिक्षा विभाग की सक्रियता ने पठन पाठन को दुरुस्त करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था किया है।प्रखंड के मध्य पियारपुर पंचायत की मुखिया राशेमा बीबी ने गुरुवार को बीडीओ विशाल पांडे व सीओ पवन कुमार को आवेदन देकर बाढ़ ग्रस्त इलाकों में राहत कार्य व राशन वितरण करने की मांग की है। दिए गए। आवेदन में बताया है कि उक्त पंचायत के अब्दुल रहमत हाजी टोला में 21 घरों, अलामुद्दीन टोला में 55, तासू टोला में 27, कुढ़न हाजी टोला में 30 घर, नुजरुल टोला में 35, सैफुद्दीन टोला में 21,इब्राहिम टोला में 80, लोकमान टोला में 17, सुभान हाजी टोला में 40, गोलामुद्दीन टोला में 35, भूतनी टोला में 45, बेल टोला में 80 जबकि इंताज टोला में 23 घर बाढ़ के चपेट में है। इससे सैकड़ों परिवार का जन जीवन अस्त व्यस्त हैं। मुखिया ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों में तत्काल राहत सामग्री वितरण करने की मांग की है। जबकि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील कुमार यादव के द्वारा लगातार बाढ़ प्रीत को नव से जाकर खाना पीना का इंतजाम कर रहे है।

# वोट लूटने वालों के चक्कर में नहीं पड़ें, बंद कर देगा सब योजना : मिथिलेश

मेट्रो रेज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि वोट लूटने वालों के चक्कर में नहीं पड़ें, अन्यथा वे लोग वोट लूट कर जनहित की चलाई जा रही सारी योजनाओं को बंद कर देंगे. राज्य की गरीब बेटी बहनों के लिए चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, 50 साल के लोगों को पेंशन, छात्र-



छात्राओं को पढ़ने के लिए दी जा रही सहायता राशि सहित सभी योजनाओं को विकास विरोधियों की पार्टी जीतने के बाद बंद कर देगी. मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के विभिन्न गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे झारखंड में चौतरफा विकास हो रहा है. सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं चला रही है. इसका सीधा लाभ प्रत्येक जनता को मिल रहा है. राज्य में और बेहतर विकास करने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र से अपना बकाया राशि मांगा तो साजिश रच कर उन्हें जेल भेज दिया गया. केंद्र सरकार चाहती है कि झारखंड एवं झारखंड के गरीबों का विकास नहीं हो. वे लोगों को बेवकूफ बनाकर, जाति, धर्म, संप्रदाय में बांट कर, आपस में फूट डालकर झारखंड के सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं. वर्ष 2019 से पूर्व तक झारखंड में जितनी भी सरकारें बनी सबने झारखंड को लूटने का काम किया. आज झारखंडी जनमानस की सरकार राज्य वासियों के हित में बेहतर काम कर रही है तो भाजपा को तकलीफ हो रही है.

गुरुवार को मंत्री श्री ठाकुर ने चिनिया प्रखंड के डोल पंचायत में चपकली स्कूल के समीप, चपकली के नावानगर टोला में स्कूल के समीप, चपकली के खड़ा पत्थर टोला में, ग्राम डोल में रामबली सिंह के घर के समीप, डोल बस्ती में, विलैती खैर पंचायत के राजबांस गांव में दुर्गा मंडप के समीप तथा ग्राम छतैलिया में चबूतरा के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्या सुनी. इस दौरान के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया गया. साथ ही शेष समस्याओ के लिए मंत्री ने मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया. मौके पर मुख्य रूप से रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, बीडीओ शिवपूजन तिवारी, सीओ सुनेश्वर, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, बनारसी सिंह, मंगरू सिंह, उमाशंकर गुप्ता, फरीद खां, देवीशरण सिंह, कुंभकरण कोरवा, कमलेश यादव, अंगद सिंह, रामसागर यादव, शंकर यादव, राहुल राम, नौसाद मंसूरी, सोनामती कुंअर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

न्यूज IN ब्रीफ

## राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य नया भारत गढ़ो प्रतियोगिता हुई



**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज में रामकृष्ण मिशन मोराबादी केंद्र रांची के ब्रह्मचारी रितेश चैतन्य महाराज राजमहल मॉडल कॉलेज के प्राचार्य नया भारत गढ़ो प्रतियोगिता के जिला मुख्य समन्वयक डॉ रंजीत कुमार सिंह, रामकृष्ण मिशन के आशुतोष का आगमन हुआ। ब्रह्मचारी रितेश चैतन्य महाराज ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम को प्रतियोगिता के निमित्त रामकृष्ण मिशन की विभिन्न पुस्तकों को भेंट स्वरूप प्रदान किया।ब्रह्मचारी रितेश चैतन्य महाराज ने स्वदेश मंत्र,निबंध प्रतियोगिता एवं प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया।बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित

**पांकी :** पांकी प्रखंड के करार पंचायत भवन में आजिविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा हुई. इस सभा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है. साथ ही उनको सामाजिक और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी दिलाना है. इस सभा में करार, ढुब पांकी पूर्वी और अन्य पंचायतों की महिलाओं ने भाग लिया. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वार्षिक आमसभा एक महत्वपूर्ण कदम है. अब महिलाएं समूहों के माध्यम से घर से बाहर निकल रही हैं और समाज में अपनी भूमिका निभा रही हैं.

## पांच माह से नहीं मिला सरकारी राशन, लाभुक पहुंचे अनुमंडल कार्यालय

**पलामू :** नावा बाजार व पंड़वा प्रखंड क्षेत्र के सरकारी राशन कार्ड लाभुकों को विगत 5 माह से अनाज नहीं मिल रहा है. वहीं राशन नहीं मिलने के कारण लाभुक परेशान हैं. राशन दिलाने की गुहार को लेकर नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के इटको गांव के लाभुक आज सदर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे. लगभग तीन दर्जन की संख्या में पहुंचे लाभुकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर एसडीओ सुलोचना मीना से मुलाकात की. लाभुको ने बताया कि हम सभी को मार्च माह से राशन नहीं मिला है. वहीं दो माह का अंगूठा लगवाने के बाद भी डीलर ने अब तक राशन नहीं दिया है. पूछने पर लाभुकों ने बताया कि हम सभी इटको गांव के लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के लाभुक हैं. अनाज नहीं मिलने के कारण हम समूह के समक्ष खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है. उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर हम सभी ने नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना दिया. इसे लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से भी मुलाकात की लेकिन अब तक किसी भी पदाधिकारी ने हम लोगों को बकाया राशन नहीं दिलवाया है. एसडीओ से मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बताया कि उन्होंने मामले की जांच कराकर चार-पांच दिनों के अंदर सभी को राशन दिलवाने की बात कही है.

## चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती के लिए सूचना जारी

**साहिबगंज :** जिलान्तर्गत चौकीदार नियुक्ति सीधी भर्ती से संबंधित आवेदन प्राप्त करने की तिथि 16.07.2024 से 30.07.2024 निर्धारित की गई थी। कतिपय कारणवश कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ससमय आवेदन नियमानुसार कार्यालय में जमा नहीं किये। अतः पुनः छुटे हुए अभ्यर्थी दिनांक 24.09.2024 से 04.10.2024 तक अपना आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त साहेबगंज का कार्यालय, जिला सामान्य शाखा, साहिबगंज में भेजना सुनिश्चित कर सकते है।

## एमआरएमसीएच में पहली फुल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफल, आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज

**पलामू।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमआरएमसीएच में गुरुवार शाम को पहली बार चंद्रमानी देवी के कूल्हा का रिप्लेसमेंट किया गया। यह इलाज आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में सुधार है। महिला पाठकपगार, पिपराटांड़ की रहने वाली है। जिले के उपायुक्त शशि रंजन के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने त्वरित मरीज का ऑपरेशन करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ अनिल ने सारी कागजाती प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए बाहर से भी उपकरण जुटाने के पश्चात विशेष डॉक्टरों की टीम बनाई, जिसमें डॉ प्रवीण, दीपक, हरिओम व शस्मिता शामिल किये गये। सभी डॉक्टरों की टीम ने महिला का सफल ऑपरेशन किया। इसके पूर्व महिला का अस्पताल के तरफ से आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। ऑपरेशन की सफलता में सहायक के रूप में नवीन, लव, दामोदर, प्रमिला, लीला व रीना का रहा विशेष योगदान। संपूर्ण कुल्हा प्रत्यर्पण के सफल ऑपरेशन को पश्चात डीसी ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और कहा कि जिला प्रशासन अस्पताल को हर तरह की सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने एक शानदार काम किया है। क्योंकि, उन्होंने सीमित संसाधनों के साथ एक सफल ऑपरेशन किया है। हम जिला अस्पताल में अपनी सेवाओं को बढ़ाकर अपने सभी रोगियों को कक्षा उपचार में सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं कि भविष्य में इस तरह के ऑपरेशन के लिए जिले वासियों को बाहर न जाना पड़े।

## नौकरानी ने उड़ाए 15 लाख के जेवर मलिक ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**रामगढ़।** शहर में चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे लोगों का घर खाली करने में जरा भी नहीं डर रहे। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को शहर के पतरातू बस्ती छोटकी मुर्रामकला से सामने आया है। यहां घर के मालिक अपने परिजनों के साथ घूमने निकले थे। उनके पीठ पीछे नौकरानी ने लगभग 15 लाख रुपये के जेवर और 30 हजार रुपये नकदी उड़ा लिए हैं। इस मामले में घर के मालिक राम नरेश प्रसाद के द्वारा रामगढ़ थाने में चोरी की प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर से 24 सितंबर तक उनका पूरा परिवार घर से बाहर था। घर में केवल उनकी पत्नी मौजूद थी। इस बीच घर में काम करने के लिए नौकरानी राधा आती थी। 24 सितंबर को जब रामनरेश प्रसाद पूरे परिवार के साथ लौटे तो उनके बहू के कमरे से सारे जेवरात गायब थे। छानबीन के दौरान पता चला कि बहू के कमरे में अलमीरा खोलकर 30 हजार नकदी और ढेर सारे जेवर लेकर वह फरार हो गई है। पूरी तफ्तीश से पता चला कि नेकलेस, 4 गले का चेन, चार लोकेट, एक ब्रेसलेट, नोजपीन, 7 सेट इयररिंग्स, 7 फिंगर रिंग, झुमका, नथ, मांग टीका, कड़ा आदि गायब है, जिसकी कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये होगी।

# रिलीज हुआ 'जिगरा' का जबरदस्त ट्रेलर

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अब तक विभिन्न भूमिकाओं में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अब आलिया भट्ट अपनी फिल्म 'जिगारा' में जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। इसमें आलिया धमाकेदार एक्शन और स्टंट करती नजर आ रही हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ 'आर्चीज' फेम एक्टर वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। बॉलीवुड की आलिया दर्शकों के सामने एक अलग अवतार में, एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग पर छलांग लगाती और लड़ते हुए नजर आएंगी। फिल्म 'जिगरा' के ट्रेलर की शुरूआत में आलिया थोड़ी डरी हुई नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि उनके भाई को विदेशी धरती पर ड्रग्स रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस खबर को सुनने के बाद आलिया भट्ट अपने भाई से मिलने के लिए तरसती नजर आ रही हैं। ट्रेलर में आलिया के सफर को दिखाया गया है, जो पहले तो डर जाती है और अपने भाई को बचाने के लिए क्या करती है। ट्रेलर के बीच में आलिया के जबरदस्त एक्शन सीन्स नजर आ रहे हैं। आलिया भट्ट के भाई के किरदार में वेदांग रैना नजर आ रहे हैं। उन्हें ड्रग मामले में मौत की सजा सुनाई गई है। इसीलिए आलिया उस मामले में उसे जेल से छुड़ाने के लिए लड़ती है। आलिया खुद अपने भाई को बचाने का फैसला करती है और उसे इसके लिए कठोर प्रशिक्षण से गुजरते हुए दिखाया गया है।



## आग की लपटों और हथौड़े के माध्यम से प्रवेश के साथ अद्भुत कार्रवाई

ट्रेलर में कई पुलिसकर्मी आलिया की कार का पीछा करते नजर आ रहे हैं। पुलिस से बचते हुए आलिया आग की लपटों के बीच एक इमारत में घुस जाती है। वह हाथ में हथौड़ा लिए जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं। ट्रेलर में आलिया को इमारतों से कूदकर लड़ते हुए अपने भाई को बचाने की कोशिशों को दिखाया गया है।

### एक्शन के साथ सस्पेंस थ्रिलर

'जिगारा' में एक्शन के साथ-साथ सस्पेंस भी है। ट्रेलर में दो अनजान चेहरे दिखाए गए हैं। आखिर ये चेहरे कौन हैं? उनकी भूमिकाएँ क्या हैं? वेदांग रैना के जेल जाने में क्या उनका कोई हाथ था? ऐसे कई सवाल ट्रेलर देखने के बाद उठते हैं।

### भाई-बहन का रिश्ता

फिल्म 'जिगरा' के टीजर से लेकर ट्रेलर में भी आलिया का अपने भाई के लिए प्यार नजर आ रहा है। फिल्म के पोस्टर में आलिया को हथौड़े के साथ 'तू मेरे प्रोटेक्शन में है' कहते हुए दिखाया गया है। टीजर की शुरूआत 'एक हजारों में मेरी बहना है' गाने से होती है, जिसमें बहन-भाई के रिश्ते को दिखाया गया है। आलिया के अपने भाई को बचपन से बचाने के ये पल ट्रेलर में भी नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# आदित्य धर की आगामी फिल्म में नजर आएंगे रणवीर सिंह



**रणवीर सिंह** नवंबर के शुरूआती सप्ताह में आदित्य धर की बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में एक शानदार कास्ट शामिल है। हाल ही में व्यक्तिगत उपलब्धियों और आगामी पेशेवर प्रयासों के साथ रणवीर सिंह अपने व्यक्तिगत जीवन और करियर दोनों में व्यस्त नजर आ रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, 'हमने बैंकॉक, थाईलैंड में एक बहुत सफल शूट किया है। अब रणवीर अगले शेड्यूल के लिए नवंबर में शूट पर वापस आने के लिए तैयार हैं। हम इस समय विभिन्न स्थानों के बारे में विवरण शेयर नहीं कर सकते, लेकिन पहले शेड्यूल के बाद अगली कड़ी के लिए उत्साह बहुत अधिक है।' दर्शक एक बार फिर रणवीर के अभिनय कौशल को देखने के लिए उत्सुक हैं। उनका प्रदर्शन दर्शकों को मोहित करने का वादा करता है, जो आदित्य धर की गहन कहानी में उनकी तीव्रता को अंकित करेगा। मावेरिक निमार्ता 'उरी' के बाद एक भव्य बड़े पर्दे की दृष्टि प्रस्तुत करने के लिए सभी तैयारियों में जुटे हुए हैं।






# कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' को सेंसर बोर्ड की कैंची के बाद मिली रिलीज की अनुमति

**सेंसर बोर्ड** से रिलीज डेट न मिलने से अटकी कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को आखिरकार हरी झंडी मिल गई है। सेंसर बोर्ड ने गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि उसने फिल्म की टीम को कुछ सीन काटने का निर्देश दिया है। इसके लिए याचिकाकर्ता ने कुछ समय मांगा है। अब यह फिल्म कब रिलीज होगी, अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इस मामले में कोर्ट में अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। दरअसल, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने सेंसर बोर्ड के खिलाफ एक याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट में दाखिल की थी। याचिका में कहा गया है कि सेंसर बोर्ड गैरकानूनी और मनमाने तरीके से फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं दे रहा है। इस पर 19 सितंबर को हाई कोर्ट ने बोर्ड को 25 सितंबर तक फिल्म की रिलीज पर फैसला लेने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि फिल्म को प्रमाणित करने में समय लेना अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन है। इस पर सेंसर बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि बोर्ड की ओर से फिल्म निमार्ता को कुछ सीन काटने का निर्देश दिया है। इस पर जी एंटरटेनमेंट के वकील ने सेंसर बोर्ड के निदेर्शों का पालन करने के लिए समय मांगा। उल्लेखनीय है कि कंगना रनौत की यह फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन 4 सितंबर को हाई कोर्ट ने कहा था कि वह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के एक आदेश के कारण सेंसर बोर्ड को फिल्म को सर्टिफिकेट देने का आदेश नहीं दे सकता। कुछ सिख समूहों की आपत्ति के बाद कंगना रनौत और उनके सह-निमार्ताओं को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने कानूनी नोटिस भेजा था, जिसमें कहा गया था कि फिल्म 'इमरजेंसी' सिख इतिहास को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर बेकाबू हुए शाहरुख खान के प्रशंसक, वीडियो वायरल

**बॉलीवुड** का किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान की एक झलक पाने के लिए उनके फैंस उमड़ पड़ते हैं। उनके 'मन्नत' बंगले के सामने हमेशा फैंस की भीड़ लगी रहती है। गुरुवार को अबू धाबी के लिए रवाना होते वक्त मुंबई एयरपोर्ट पर फैंस ने उन्हें घेर लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शाहरुख खान सुबह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचते ही फैंस की भारी भीड़ जमा हो गई। उनके साथ मैनेजर पूजा ददलानी भी थीं। शाहरुख के बॉडीगार्ड ने उन्हें कवर किया लेकिन फैंस शाहरुख की एक झलक पाने के लिए उनके काफी करीब आ गए। इसके चलते एयरपोर्ट पर मौजूद सुरक्षा गार्ड उन्हें सुरक्षित अंदर ले गए। शाहरुख को देखकर फैंस भी चिल्ला रहे थे। शाहरुख ने हुडी, चश्मा और टोपी पहनकर अपना चेहरा छिपाने की कोशिश की।

शाहरुख खान के दुनिया भर में लाखों प्रशंसक हैं। इसलिए अक्सर फैंस की भीड़ उन्हें देखने के लिए बेकाबू हो जाती है। इसकी पुष्टि आज एयरपोर्ट पर की गई। शाहरुख और करण जौहर इस बार आईफा अवॉड्र्स को एक साथ होस्ट करेंगे। साथ ही शाहरुख



इस वक्त फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ उनकी लाडली बेटी सुहाना भी होंगी।

# ड्वेन ब्रावो ने सभी तरह के क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के अंतिम सत्र के बीच में ही सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है।

अगले महीने 41 साल के ब्रावो इतिहास में सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पहले 2021 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, और पिछले साल आईपीएल से दूर चले गए, क्योंकि उन्होंने कोचिंग में जाना शुरू कर दिया था - पिछले 12 महीनों में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स और अफगानिस्तान पुरुष टीम के साथ काम किया है।

ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर एक



पोस्ट में कहा, ₹मेरा दिमाग चलते रहना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता। मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिन टीमों का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं उन्हें निराश कर सकूं। इसलिए, भारी मन से, मैं आधिकारिक तौर पर खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करता हूं। चैंपियन विदाई ले रहा है।₹

18 साल के करियर में, ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में काफी कुछ हासिल किया है, उन्होंने आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में खिताब जीते, साथ ही वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व चैंपियन बने। उन्होंने 582 मैचों में इस प्रारूप में 631 विकेट हासिल किए हैं।

ब्रावो ने सीपीएल के मौजूदा संस्करण से पहले घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी संस्करण होगा। वह यूएई के आईएलटी20 के तीसरे सीजन में खेलने वाले थे, जिसे एमआई अमीरात ने बरकरार रखा था, लेकिन मंगलवार को तरौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ खेलते हुए कमर में चोट लगने के बाद उन्होंने बाहर होने का फैसला किया।

ब्रावो सीपीएल इतिहास में सबसे सम्मानित खिलाड़ी थे, जिन्होंने कुल मिलाकर पांच खिताब जीते थे, जिसमें अकेले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ तीन खिताब शामिल हैं। उन्होंने 2021 में पैट्रियट्स को अपना पहला खिताब दिलाने से पहले 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार खिताब दिलाया था।

# भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ किया करार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन के साथ अनुबंध किया है, जो वर्तमान में प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) रैंकिंग में विश्व स्तर पर 30वें स्थान पर हैं।

इस करार के तहत, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स रमित को विश्व स्तरीय संसाधन और एक्सपोजर प्रदान करके आगे की सफलता हासिल करने में मदद करेगा।

रमित टंडन ने पीएसए टूर पर लगातार सफलता हासिल करते हुए अपने पेशेवर स्क्वैश करियर में महत्वपूर्ण प्रगति की है।




कोलकाता के रमित ने कई पीएसए खिताब जीते हैं, जिसमें सिंगापुर स्क्वैश ओपन और सिएटल ओपन में जीत शामिल है। उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण ने उन्हें लगातार विश्व स्तर पर शीर्ष स्टार स्क्वैश एथलीटों में रखा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ करार पर रमित ने कहा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में शामिल होना एक ऐसे परिवार के घर आने जैसा लगता है जो उत्कृष्टता के लिए मेरे जुनून और दृढ़ संकल्प को साझा करता है। उनके समर्थन से, मुझे विश्वास है कि हम शीर्ष 30 रैंकिंग से आगे बढ़ सकते हैं और दुनिया में शीर्ष 10 पर अपनी नजरें जमा सकते हैं, क्योंकि चैंपियन बनाने का उनका ट्रैक रिकॉर्ड बहुत कुछ कहता है।''

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की खेल उत्कृष्टता और स्काउटिंग प्रमुख मनीषा मल्होत्रा ने कहा, रमित के साथ अनुबंध करना जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स और भारतीय स्क्वैश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उनकी प्रतिभा और हाल ही में दुनिया के शीर्ष 30 में शामिल होने से अपार संभावनाएं दिखती हैं। हम विश्व स्क्वैश के शीर्ष पर रमित की यात्रा का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं, हमारा मानना है कि यह खेल में भविष्य के भारतीय चैंपियनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

2009 में पीएसए वर्ल्ड टूर में शामिल होने के बाद से, रमित भारत के शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एसवाईएस ओपन, सिंगापुर स्क्वैश ओपन, अबू धाबी ओपन और सिएटल ओपन सहित कई खिताब जीते हैं। उनके लगातार प्रदर्शन ने उन्हें 2018-2019 सीजन के दौरान शीर्ष 50 में जगह दिलाई, जहां वह ई.एम. नोल क्लासिक में उपविजेता भी रहे और पिट्सबर्ग ओपन और क्वालिको मैनिटोबा ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। मार्च 2023 में वह अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग विश्व नंबर 33 पर पहुंचे।

## बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल पाकिस्तान दौरे से बाहर

**लंदन।** बाएं हाथ के इंग्लिश तेज गेंदबाज जोश हल चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल को किआ ओवल में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट में अपने पदार्पण के दौरान यह समस्या हुई। उस समय, ईसीबी को लगा कि उनके ठीक होने का समय है और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया। हालाँकि, चोट बरकरार रहने के कारण, गुरुवार को हल को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से बाहर करने का निर्णय लिया गया। इंग्लैंड ने किसी प्रतिस्थापन का फैसला नहीं किया है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच मुल्तान में 7 अक्टूबर से खेला जाएगा।

# भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच को लेकर दर्शकों में दिखा गजब का उत्साह



एजेंसी

**कानपुर।** भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच को लेकर गजब का उत्साह है। क्रिकेट प्रेमी रात में ही ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंच गए थे। शुक्रवार सुबह स्टेडियम के बाहर दर्शकों की लाइन लगी हुई है। भारतीय टीम ग्रीन पार्क मैदान में पहुंच चुकी है।

उत्साह से भरे दर्शकों ने वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल एवं पीएसी तैनात की गई है। मैच का श्रीगणेश होने से पूर्व पूरे मैदान की बम स्क्वायड ने जांच किया। ग्रीन पार्क स्टेडियम के बाहर सुबह से ही क्रिकेट देखने के लिए पहुंचे दर्शक बाहर लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। पार्क में प्रवेश से पूर्व सभी की गहन तलाशी और जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। क्रिकेट प्रेमी कुछ दर्शक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी मैदान में लहाराया रहे हैं।

न्यूज IN बिजनेस

## टाटा टी गोल्ड ने कुमारतुली की शिल्पकला को जीवंत कर मनाई दुर्गापूजा

रांची: दुर्गा पूजा की जीवंत लय के साथ बंगाल का दिल धड़क रहा है, पश्चिम बंगाल का सबसे अधिक बिकने वाला चाय ब्रांड टाटा टी गोल्ड कुमारतुली की शिल्पकला को जीवंत करके इस त्यौहारी सीजन का जश्न मना रहा है। टाटा टी गोल्ड ने कुमारतुली थीम वाले सीमित संस्करण के त्यौहारी पैक लॉन्च किए हैं और उन्हें जीवंत बनाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया है। 'कुमारतुली कला बंगाल का दिल है' थीम पर आधारित पांच-पैक श्रृंखला में पांच प्रतीकात्मक तत्वों के माध्यम से पूजा के सार को दशार्या गया है, जिनमें से प्रत्येक पूजा के पांच दिनों का जश्न मनाता है: ढाकी, शंखो ध्वनि, अष्टमी पुजारिन, धुनुची नृत्य और सिंदूर खेला। प्रत्येक तत्व को मूर्तियों के माध्यम से दशार्या गया है जिन्हें कुमारतुली शैली में सावधानीपूर्वक गढ़ा गया है। प्रत्येक पैक में एक क्यूआर कोड भी है - इसे स्कैन करने पर, मूर्तियां फोन के माध्यम से एआर-सक्षम वातावरण में जीवंत हो जाती हैं। इसलिए, यूजर इस एआर फिल्टर के जरिये अपने घर के माहौल में ढाक बजाते ढाकी, आरती करते पुजारी या धुनुची नृत्य में डूबे नर्तक को प्रोजेक्ट कर सकते हैं। थीम को आगे बढ़ाते हुए, ब्रांड ने अभिनव एनिमेटेड ओओएच का भी लाभ उठाया है, जो कोलकाता में किसी ब्रांड द्वारा अपनी तरह की पहली पहल है।अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए, ब्रांड ने अब एक डिजिटल-आधारित फिल्म अभियान शुरू किया है जो कुमारटुली के सार का जश्न मनाता है। एक पारंपरिक बंगाली हवेली में सेट, फिल्म की शुरूआत कुमारटुली के एक मूर्तिकार से होती है जो परिसर में काम कर रहा है।

## विक्की कौशल बने कैंपस एक्टिववियर का नया चेहरा

**रांची :** कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, जो भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड्स में से एक है, ने बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर घोषित किया है। यह सहयोग विक्की के अनोखे स्टाइल और व्यक्तित्व को कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड की ट्रेंड-सेटिंग, आरामदायक और फैशन-फॉरवर्ड फुटवियर के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ एक सहज मेल दशार्ता है। विक्की कौशल, जो सामान्य मानदंडों को फिर से परिभाषित करने और अपरंपरागत विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं, वे आज के युवाओं की भावनाओं का प्रतीक हैं, जो अपनी पहचान, मूल्यों और महत्वाकांक्षाओं के साथ अपना रास्ता खुद चुनते हैं। आत्मविश्वास से भरपूर उनका स्टाइल और फैशनेबल दृष्टिकोण आज की पीढ़ी की सोच से बखूबी मेल खाता है।इस साझेदारी पर बात करते हुए निखिल अग्रवाल, सीईओ, कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, 'विकी कौशल को कैम्पस एक्टिववियर का नया चेहरा बनाते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका शानदार स्टाइल, आत्मविश्वास और अनूठे दृष्टिकोण के चलते वे हमारे ब्राण्ड के लिए परफेक्ट अम्बेसडर हैं जो युवाओं को अपनी पहचान और अपने व्यक्तित्व के साथ सक्षम बनने के लिए प्रेरित करते हैं।बॉलीवुड अभिनेता विकी कौशल ने कहा, कैम्पस एक्टिववियर ने स्टाइल के साथ आराम का मिश्रण करके रोजमर्रा के फैशन को परिभाषित किया है, जिससे यह सभी के लिए सुलभ हो गया है। मुझे खुशी है कि मुझे कैम्पस और उनकी सोच के साथ जुड़ने का मौका मिला हे, जो युवाओं को आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनने के लिए प्रेरित करता है।'

## होमलेन, डिजाइन कैफे का अधिग्रहण करेगी नए फंडिंग राउंड में 225 करोड़ जुटाए

**रांची :** होमविस्टा डेकोर एंड फर्निशिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जो कि इंटीरियर ब्रांड्स होमलेन (भारत की अग्रणी टेक-सक्षम होम इंटीरियर कंपनी), डूवअप, क्यूबिको, और रैपजैप की मूल कंपनी है, ने आज डिजाइन कैफे, जो कि होम इंटीरियर बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी है, का 100% अधिग्रहण करने की अपनी पेशकश की घोषणा की। यह अधिग्रहण, जो कि नियामक अनुमोदनों के अधीन है, भारत में इंटीरियर श्रेणी में सबसे बड़ी इकाई का निर्माण करेगा, जो कि पूर्ण किए गए प्रोजेक्ट्स के संदर्भ में होगा।अधिग्रहण के बाद, संयुक्त इकाई को वित्त वर्ष 25 में 1,000 करोड़ के राजस्व को प्राप्त करने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 24 में 761 करोड़ रुपये से 33% अधिक है, और EBITDA लाभदायक होगा। होमलेन और डिजाइन कैफे दोनों अलग-अलग ब्रांडों के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जिनमें से प्रत्येक लक्षित बाजार के विभिन्न क्षेत्रों को पूरा करेगा।विकास और लाभप्रदता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक तालमेल यह अधिग्रहण निर्माण, डिजाइन, खरीद, और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण तालमेल बैठाने के लिए तैयार है। ये तालमेल न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाएंगे बल्कि संयुक्त इकाई की पेशकशों में नवाचार और ग्राहक संतुष्टि को भी बढ़ावा देंगे।हम अत्यंत उत्साहित हैं और होम इंटीरियर उद्योग में एक सच्ची शक्ति बनाने के लिए, डिजाइन कैफे की डिजाइन विशेषज्ञता के साथ हमारे तकनीक-संचालित दृष्टिकोण को संयोजित करने में अपार संभावनाएं देखते हैं,₹ श्रीकांत अय्यर और तनुज चौधरी, होमलेन के सह-संस्थापक, ने कहा। 'संयुक्त इकाई 800 करोड़ के राजस्व एआरआर और -2% EBITDA पर है और हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है।

## जी टीवी के शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में दुबई से लौटीं सृति झा की घमंडी मासी का रोल निभाएंगी प्रीति अमीन

रांची : जी टीवी के शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' ने अपनी दिलचस्प और ड्रैमेटिक कहानी से सबका दिल जीत लिया है। और एक बार फिर यह कहानी एक रोमांचक मोड़ लेने जा रही है जहां एक्टर प्रीति अमीन इस शो में भवानी (हेमांगी कवि) की बहन वंदना के रोल में इस शो में आएंगी जो अभी-अभी दुबई से लौटी हैं। वो विराट (अर्जित तनेजा) को पसंद नहीं करती हैं क्योंकि विराट ने उनकी भांजी अमृता (सृति झा) से जबर्दस्ती शादी कर ली थी, इसलिए वो विराट की ठेठ सास बनकर उसकी जिंदगी में उथल-पुथल मचा देंगी। प्रीति ने साल 2006 में जी टीवी के ही पॉपुलर शो 'कसम से' के साथ हिंदी टेलीविजन में अपना डेब्यू किया था और अब वो एक बार फिर इस चैनल पर वापसी करके बेहद उत्साहित हैं। प्रीति ने कहा, 'साल 2006 में पॉपुलर शो 'कसम से' के साथ हिंदी टेलीविजन में मेरा डेब्यू हुआ था और साल 2013 में मैंने इस चैनल पर अपना आखिरी शो 'मिसेज कौशिक की पांच बहुएं' किया था। अब 'कैसे मुझे तुम मिल गए' जैसे शो के साथ 11 साल बाद इस चैनल पर लौटकर करके मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं घर वापस आ गई हूं। मेरा किरदार वंदना उर्फ वैंडी बड़ी डींगें हांकने वाली महिला है जो दुबई से लौटी है। मुझे वाकई ये लगता है कि यह रोल मेरे लिए ही है क्योंकि मेरे हिसाब से उसकी अपनी विचित्र खूबियां है। मैंने अभी-अभी इस शो की शूटिंग शुरू की है, जहां पूरी टीम ने दिल से मेरा स्वागत किया। मुझे ऐसा महसूस होता है जैसे मैं उनके परिवार का हिस्सा बन गई हूं। वंदना विराट की जिंदगी में बहुत-सी मुश्किलें खड़ी करेंगी क्योंकि विराट ने उनकी भांजी अमृता से जबर्दस्ती शादी कर ली थी। मुझे यकीन है कि आने वाला ट्रैक दर्शकों को इस कहानी से बांधे रखेगा।

## आईडीबीआई बैंक ने सुगम ऋण भुगतान योजना एसयूजीएएम पेश की

**रांची :** आईडीबीआई बैंक ने एक विशेष योजना 'सुगम ऋण भुगतान योजना (सुगम)' शुरू की है। इसके अंतर्गत 31 मार्च, 2021 तक 0.10 करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये तक (पात्रता मानदंड के अधीन) की मूल बकाया राशि वाले उधारकताओं को अपने कर्ज का एकमुश्त भुगतान आसान शर्तों के साथ करने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि बैंक के रिटेल एनपीए की रिकवरी में तेजी आ सके। यह उन उधारकताओं के लिए अपने कर्ज का निपटान करने का एक सुनहरा अवसर है, जो संकट से जूझ रहे हैं और कानूनी उलझनों में पड़ना नहीं चाहते। इस योजना का विवरण https://www.idbibank.in/idbi-bank-sugam-rinn-bhugtan-yojana.aspx पर उपलब्ध है।

## त्यौहारी सीजन से पहले सैमसंग का खास ऑफर

**रांची:** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एस, एम और एफ सीरीज के चुनिंदा फ्लैगशिप स्मार्टफोन पर बेहतरीन ऑफर्स की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत, ग्राहक इन गैलेक्सी स्मार्टफोन्स को उनके लॉन्च के बाद अब तक की सबसे कम कीमतों पर खरीदने का मौका पा सकते हैं। गैलेक्सी एस23एफई और गैलेक्सी एस23 गैलेक्सी एस23एफई जिसकी मूल कीमत 54999 रुपये थी, अब सिर्फ.27999 रुपये में उपलब्ध होगा। इसी तरह, गैलेक्सी एस23 जिसकी मूल कीमत 74999 रुपये थी, अब सिर्फ.37999 रुपये में मिलेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, गैलेक्सी एस23 एफई भारत में 30000 रुपये से ज्यादा कीमत में सबसे ज्यादा बिकने वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन है। इस साल की शुरूआत में सैमसंग ने गैलेक्सी एस23 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस23 और गैलेक्सी एस23 एफइ सहित कई गैलेक्सी फ्लैगशिप डिवाइस पर गैलेक्सी एआई फीचर शुरू करने की घोषणा की थी, जिसे मोबाइल एआई के प्रसार को आगे बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## डाल्टनगंज में नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम द्वारा कार्डियक ओपीडी का आयोजन

**डाल्टनगंज :** हार्ट सर्जरी एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें हृदय या रक्त वाहिकाओं में होने वाली समस्याओं के लिए सर्जरी करने पड़ती है। नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम को वयस्क और बाल हृदय सर्जरी में उच्च जोखिम वाले और चुनौतीपूर्ण मामलों के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में जाना जाता है। जागरूकता बढ़ाने और उचित उपचार प्रदान करने के लिए नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम अब जेलहाता चौक रोड, डाल्टनगंज में नियमित ओपीडी का आयोजन करेगा। यह ओपीडी विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में महीने के तीसरे शनिवार शाम 05:00 बजे से 07:00 बजे तक आयोजित की चलेगी। जिसमें डॉ. विकास केशरी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियक सर्जन) मरीजों की जांच एवं इलाज हेतु उपस्थित रहेंगे। डॉ. विकास केशरी को वयस्क हृदय सर्जरी प्रक्रियाओं में कई वर्षों का अनुभव है। नारायणा अस्पताल, गुरुग्राम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग समय पर परामर्श प्राप्त करें ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। डॉ. विकास केशरी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियक सर्जन) ने बताया कि दुनिया भर में हार्ट सर्जरी की संख्या बढ़ रही है। इस चिंताजनक समस्या के कई कारण हैं, जिनमें अनियमित जीवनशैली, खराब खानपान, शराब और धूम्रपान का बढ़ता सेवन और अधिक तनाव जैसे कारक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखना चाहिए, नियमित व्यायाम करना चाहिए, पौष्टिक आहार लेना चाहिए और एक अच्छी जीवनशैली अपनानी चाहिए। इसके अलावा, यदि कोई लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें बिना किसी लापरवाही के तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए। विनायक चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के ऑनर डॉ. गौरव विशाल ने बताया कि, हम लोगों को बेहतर इलाज के साथ बेहतर परामर्श देने का प्रयास करते हैं जिससे वह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए अपनी जांच करवाते रहें जिसमें अपना वजन नियंत्रित रखें, बीपी 120/80 एमएमएचजी, फास्टिंग शुगर 110 मिलीग्राम के आसपास, कोलेस्ट्रॉल 180 मिलीग्राम से कम हो इसके साथ ही यह ध्यान रखें कि धूम्रपान शराब इत्यादि का सेवन न करें, यदि आपको किसी भी प्रकार की हृदय से संबंधित समस्या है या इसके लक्षण प्रतीत हो रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बिहार के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



एजेंसी

**पटना।** बिहार के 14 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने शुक्रवार जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के मुताबिक राज्य के 4 जिलों में अति वृष्टि की चेतावनी जारी की है, जबकि 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। अन्य सभी जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बूंदाबांदी होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक राज्य में बारिश का सिलसिला चलता रहेगा। बिहार के 14 जिलों में शुक्रवार को भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, शिवहर और पश्चिमी चंपारण जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गोपालगंज, मधुबनी, सीवान, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, छपरा, बक्सर, भोजपुर, जमुई और बांका जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पटना समेत अन्य जिलों में भी बूंदाबांदी होती रहेगी।उल्लेखनीय है कि अरवल, गोपालगंज और पूर्वी चंपारण को छोड़कर राज्य के 35 जिलों में गुरुवार को हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे ज्यादा बांका में 45 मिलीमीटर पानी गिरा। राजधानी पटना के विभिन्न इलाकों में गुरुवार को दिनभर बारिश होती रही।

### मप्र : मालवा-निमाड़ में 2 दिन तेज बारिश की संभावना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में इस बार मानसून जमकर बरसा है। अब तक एवरेज 42.6 इंच बारिश हो चुकी है। इस साल मानसूनी बारिश के मामले में जबलपुर संभाग सबसे आगे है। हालांकि अभी भी प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने मालवा-निमाड़ (इंदौर-उज्जैन संभाग) में अगले 2 दिन तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही जबलपुर-ग्वालियर संभाग भी भीगेंगे। इसके बाद मौसम खुलेगा और धूप निकलेगी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की विदाई भी हो सकती है।मौसम विभाग के अनुसार, सायसर और मानसून ट्रफ की एक्टिविटी की वजह से बारिश हो रही है। ऐसा मौसम अगले 2 दिन और बना रहेगा। फिर सिस्टम कमजोर हो जाएगा। अगले 24 घंटे में उज्जैन, अलीराजपुर, रतलाम, झाबुआ, धार, बड़वानी, गुना, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ में तेज बारिश हो सकती है। वहीं, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में धूप खिली रहेगी। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। भोपाल में दोपहर बाद कुछ इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। 28 सितंबर को भी इंदौर-उज्जैन संभाग भीगेंगे। मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर के अलावा शिवपुरी में तेज बारिश हो सकती है। 29 और 30 सितंबर को मौसम साफ हो जाएगा। इससे पहले प्रदेश में गुरुवार को बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 19 जिलों में बारिश हुई। खंडवा में सबसे ज्यादा 45 मिमी यानी, पौने 2 इंच पानी गिर गया। इंदौर में पौन इंच बारिश हुई। बैतूल, सिवनी, धार, उज्जैन, खजुराहो, नर्मदापुरम में करीब आधा इंच पानी गिरा। भोपाल, रायसेन, रतलाम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, नौगांव, सतना, बालाघाट, राजगढ़, बड़वानी में भी बारिश का दौर जारी रहा। रात में भी कई जिलों में बारिश का दौर चला।

## तेज बारिश से प्रभावित जिलों में अधिकारी तत्परता से राहत कार्य संचालित करें : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेज बारिश के दृष्टिगत सम्बंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

# एनआईए का राजौरी और रियासी में सात स्थानों पर छापा

**जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शिव खोडी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर जून में हुए घातक आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में आज सुबह राजौरी और रियासी जिले में सात स्थानों पर छापा मारा है। सभी जगह तलाशी ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि 9 जून को आतंकवादियों द्वारा बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 घायल हो गए थे। शिव खोडी मंदिर से कटरा जा रही बस रियासी के पौनी इलाके के त्र्याठ गांव के पास गोलीबारी की बौछार के बाद सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई थी। मरने वालों में राजस्थान का दो वर्षीय बच्चा और उत्तर प्रदेश का 14 वर्षीय किशो भी शामिल था।

17 जून को गृह मंत्रालय ने आतंकी हमले का मामला एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि हाकम ने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी और हमले से पहले इलाके की रेकी करने में आतंकियों की मदद की थी। एनआईए ने 30 जून को राजौरी में आतंकवादियों और उनके ओवरग्राउंड वर्करों से जुड़े पांच स्थानों पर तलाशी ली थी। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### बृजभूषण शरण सिंह पर लगे पॉक्सो केस में क्लोजर रिपोर्ट पर


## पटियाला हाउस कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली का पटियाला हाउस कोर्ट भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर आज फैसला सुनाएगा। एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर फैसला सुनाएंगी। इसके पहले 20 मई, 23 अप्रैल, 2 मार्च, 11 जनवरी और 25 नवंबर 2023 को कोर्ट ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने एक अगस्त 2023 को फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था। 15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल कर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दी थी।

# व्हाइट हाउस इजराइल के रुख से निराश, नेतन्याहू ने न्यूयॉर्क में कहा-हिजबुल्लाह के खिलाफ हमला जारी रहेगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने लेबनान में युद्धविराम की अपील पर इजराइल के रुख से निराशा जताई है। इस बीच लेबनान में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के हवाई हमले जारी हैं। इन हमलों में मारे गए लोगों की संख्या 700 पार कर गई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइली अधिकारियों ने युद्ध विराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कल संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे। उन्होंने इस बात का कोई संकेत नहीं दिया कि वे नए युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए इच्छुक हैं। नेतन्याहू ने न्यूयॉर्क पहुंचने पर जारी एक बयान में कहा, "हम अपनी पूरी ताकत से हिजबुल्लाह पर हमला करना जारी रखेंगे।यह नीति है।" उल्लेखनीय है कि नेतन्याहू के न्यूयॉर्क पहुंचने से पहले ही उनकी सरकार के कई प्रमुख सदस्यों ने पहले ही युद्धविराम के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसे कल अमेरिका, उसके यूरोपीय सहयोगियों और कई अरब देशों ने आगे बढ़ाया था। हिजबुल्लाह ने इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इजराइल के युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज करने पर व्हाइट हाउस ने गहरी निराशा जताई है। इजराइल की सेना ने बेरूत में हमला कर हिजबुल्लाह की ड्रोन इकाई के कमांडर को निशाना बनाया है। इसके अलावा इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में अस्थायी आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे एक स्कूल परिसर पर बमबारी की है। इस परिसर में हमास कमांड-ऐंड-कंट्रोल सेंटर है। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि इस बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 15 लोग मारे गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 92 लोग मारे गए और 153 अन्य घायल हो गए। सोमवार से अब तक 700 से अधिक लोग हताहत हुए हैं।



## हिमाचल प्रदेश के 152 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी होंगे डीजीपी डिस्क अवार्ड से सम्मानित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस के 152 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीपी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक डाक्टर अतुल वर्मा ने गुरूवार देर शाम साल-2023 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क अवार्ड देने की सूची जारी की है। इनमें 10 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। तीन जिलों में एसपी रहे पुलिस अधिकारी भी अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए इस अवार्ड को हासिल करेंगे। इसके अलावा हिमाचल पुलिस कैडर (एचपीएस) के आठ अधिकारियों को भी इस अवार्ड से नवाजा जाएगा।

### शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन रिकॉर्डतोड़ तेजी


# नए शिखर पर पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज भी शुरूआती कारोबार के दौरान तेजड़ियों का जोर बना हुआ नजर आ रहा है। आज एक बार फिर कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहे। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली की कोशिश भी होती रही। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.12 प्रतिशत और निफ्टी 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सन फार्मास्युटिकल्स, टाइटन कंपनी, इन्फोसिस और विप्रो के शेयर 2.52 प्रतिशत से लेकर 1.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर लार्सन एंड टूब्रो, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, भारती एयरटेल, ओएनजीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 1.90 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,340 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,485 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 855 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 32 शेयर हरे निशान में और 18 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।



बीएसई के सेंसेक्स ने आज 57.52 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 85,893.84 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद से ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की रफ्तार में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली का झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद खरीदारी का दौर जारी रहा। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 85,966.03 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 104.99 अंक की तेजी के साथ 85,941.11 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई का निफ्टी भी आज 32.20 अंक की मजबूती के साथ ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 26,248.25 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही ये सूचकांक ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड लेवल 26,271.85 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 45.45 अंक की मजबूती के साथ 26,261.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 666.25 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ 85,836.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 211.90 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,216.05 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज ब्रीफ



### मां पावडी मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर स्थित मां पावडी मंदिर में आज माह के अंतिम गुरुवार के दिन विशेष पूजा अर्चना करने के साथ-साथ भक्त जनों और श्रद्धालुओं के बीच विशेष पूजा अर्चना के पश्चात भोग वितरण किया गया। आज मांह के अंतिम गुरुवार के दिन प्रात काल से हैं भक्तजनों और श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंचने लगे तत्पश्चात मंदिर के पुजारी सुजीत कुमार के द्वारा पूजा अर्चना किया गया और मां को भोग चढ़ाने के पश्चात उपस्थित भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच भोगके रूप में खीर खिचड़ी और सब्जी व्यापक रूप से वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आज विवेक चौधरी सोनी कुमार प्रशांति शाहा राकेश मोदक जीतू चौहान के अलावा काफी संख्या में मां पौड़ी भक्ति समिति के सदस्य गण भी उपस्थित रहे।

### युवाओं को ठगना बंद करे राज्य सरकार :अनिरूद्ध सिंह



**सिमडेगा** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आज सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली (पेपर लीक) को लेकर जिला मुख्यालय में इस युवा विरोधी सरकार के विरोध में राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार एक भी परीक्षा निवाद रूप से संपन्न कराने में सफल नहीं हो पाई है। यहां हर परीक्षा का परिणाम पैसों में बिकता है। इसीलिए परीक्षा से पहले ही चाहे वह सीजीएल हो या जेपीएससी हो पेपर लीक हो जाते हैं। मौके पर विनोद बडाईक भाजयुमो जिला महामंत्री चंदन प्रसून भाजयुमो जिला महामंत्री सुभाष महतो भाजयुमो राहुल मिश्रा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष निशांत कुमार हिमांशु कुमार रोहित कुमार शिव शंकर कुमार आलोक कुमार विवेक कुमार रोहित कुमार राहुल कुमार विष्णु कुमार आकाश कुमार अनूप केसरी विद्या बडाईक रामविलास बडाईक राकेश रविकांत अजय कुमार सिंह करण सिंह तुलसी साहू नीरज बडाईक नरेंद्र बडाईक दिलीप साहू शंभू भगत घनश्याम सिंह सुदर्शन सिंह नंदकिशोर केसरी सौरभ कुमार मनोज कुमार गजानंद बेसरा सुरजन बडाईक आदि उपस्थित थे।

### लातेहार जिला परिषद की बैठक प्रत्येक माह कराएं डीडीसी : अनीता देवी

**लातेहार :** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त, लातेहार को पत्र लिखकर जिला परिषद की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि है कि झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 के अध्याय 5 की धारा 69 की कंडिका 4 में स्पष्ट वर्णित है की जिला परिषद की बैठक प्रत्येक माह में कम से कम एक बार बुलाई जाएगी।

यदि अध्यक्ष किसी माह में बैठक बुलाने में असफल रहता है तो जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पिछली बैठक की तिथि के 25 दिन की समाप्ति के बाद जिला परिषद की बैठक की सूचना जारी करेगा। परंतु लातेहार जिले में अधिनियम का उल्लंघन आम बात हो गई है। वर्ष 2024 में 8 महीने में मात्र दो बार जिला परिषद की बैठक बुलाई गई है, जो झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 का सरासर उल्लंघन है ' उन्होंने यह भी बताया कि डीडीसी की पदस्थापना *जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी* के रूप में ही होती है ऐसी स्थिति में उनका मूल कार्य जिला परिषद से ही संबंधित होनाचाहिए ' अन्य कार्यों में व्यस्तता का बहाना बनाकर बैठक नहीं बुलाना कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है ' आगे उन्होंने बताया कि बैठक नहीं होने पर सरकार को भी इस अनियमितता के खिलाफ पत्र लिखा जाएगा ।

### सेवा निवृत डीआईजी राजीव रंजन सिंह उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं



**भारतीय** पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे राजीव रंजन सिंह सिमडेगा जिला में पदस्थापनाकाल के दौरान एक ओर जहां पुलिस और आमलोगो के बीच बेहतर और प्रगाढ़ संबंध तथा जनमानस के लिए पुलिस की कारगर भूमिका के फलस्वरूप पुलिस की भी दमदार छबव बनाने में सफल रहे थे। उनके पदस्थापनकाल के दौरान उनके द्वारा नक्सल विरूद्ध सघन अभियान के फलस्वरूप एक ओर जहां नक्सलियों को बैक फुट पर जाना पड़ा। वहीं जबर्दस्त मुठभेड़ में पुलिस का अभियान भी सफल रहा। नक्सलियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान तत्कालीन एसपी राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में था और उन्हें मिली कामयाबी के फलस्वरूप तत्कालीन डीजीपी दिनेश कुमार पाण्डे के द्वारा उन्हें सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान-सम्मान भी बढ़ाया था तथा नक्सली विरूद्ध चलाये गये इस अभियान पर उन्हे शाबासी भी दी गयी। इस मौके पर संज आनन्द लाठकर तथा आरके मल्लिक भी उन्हें उनकी सफलता पर काफी सराहणा की थी। ऐसे आईपीएस अधिकारी निश्चित तौर पर राज्य के लिए गौरव हैं।

# हाथियों से ग्रामीण नहीं करें छेड़छाड़ : विधायक

मेट्रो रेज



**ठेठईटांगर:** प्रखण्ड में एक बार फिर से लगभग 2 दर्जन हाथियों के झुंड के आने की ग्रामीणों से मिली सूचना पर गुरुवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं के साथ अंबापानी, बरपानी, केराटोली, गिरजाटोली आदि क्षेत्र का भ्रमण कर हाथियों से बचाव के सामग्री जुट बोरा, डीजल, मोबिल, पटाखें, टार्च आदि ग्रामीणों के बीच वितरित किया। इस दौरान ग्रामीणों से विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या या आफत खासकर हाथियों के आने की जानकारी उन्हें जरूर दें ताकि समय रहते उनसे जानमाल की रक्षा हेतु आवश्यक कार्य किया जा सके। हाथियों के आने की सूचना पर ग्रामीण कभी उन्हें किसी भी तरह से न छेड़े। गांव के आस-पास से हाथियों को दूर रखने के लिए लाल मिर्च और खैनी डांटी को चूर कर उसे आग में जलाए ताकि उसके धुआं से हाथी भाग जाए। वहीं विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिया की गांव वालों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए और उनके सम्पर्क में रखकर स्थिति पर नजर बनाए रखे। वही उन्होंने यह भी कहा कि अगर सूचना के बाद भी वन विभाग कोई कार्रवाई नही करता है तो उनपर भी कार्रवाई किया जाएगा।मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद,प्रखंड सुनील जोजो,विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अजीत कुंडुलना, वॉल्टर लुगुन, तैरास लुगुन, कल्याण लुगुन, मुहम्मद वहीद असजद अफ्रीदी कासिफ राजा और ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीसी ने की ग्रामीण विकास व प्रचायत राज की समीक्षा बैठक



मेट्रो रेज

**सिमडेगाः** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत राज विभाग एवं जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा ग्रामीण विकास के तहत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए लाभुकों का आवास निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिए गया। तथा छत ढ़लाई हो चुके घरों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजन करने की बात कहीं। इसके अलावा अबुआ आवास योजना लाभुकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त राशि का भुगतान करना है, जिसकी समीक्षा कर ससमय राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को दो दिन के अंदर जियो टैगिंग कर रिपोर्ट ग्रामीण विकास विभाग को देने का निर्देश दिया। साथ ही जिन लाभुकों के द्वारा लिल्टन लेवल का निमार्ण कार्य किया गया उसका तीसरी किस्त का राशि ससम पर भुगतान करने की बात कहीं। उपायुक्त महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाते हुए आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहां। उन्होंने ने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना का शत-प्रतिशत पौधारोपण से संबंधित कार्यों को 30 सितंबर 2024 तक पूर्ण हो इसे सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत सभी लाभुकों का शेड निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सक्रियता से कार्य किया जाना चाहिए और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करें। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महोदय ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये, उन्होंने ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पंचायत के जितने भी खराब पड़े जनरेटर है उसका समय पर मराम्मति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने टाइड एवं अनटाइड में किसी प्रकार की प्रगति नहीं है जिसे देखते हुए पंचायत सचिव का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश देते हुए टाइड एवं अनटाइड में आवश्यक कार्य प्रगति करने की बात कहीं।

जेएसएलपीएस की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने जिले निबंधित 7077 महिला समूहों में से जिस रत्नत्रृग्रुप का प्रथम क्रेडिट लिंकेज नहीं हुआ है उस रत्नत्रृग्रुप का प्रथम क्रेडिट लिंकेज करने का निर्देश दिया। सरकार के लक्ष्य के अनुरूप फूलो झानो आशीर्वाद योजना से महिलाओं आच्छादित करने की बात कहीं। इसके अलावा महिलाओं का आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मौके पर उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीआरडीए शाखा के कर्मी गण, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रभुदयाल ने जरूरतमंद परिवार को किया मदद



**रांची :** भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने श्राद्धकर्म के लिए जरूरतमंद परिवार को कच्चा राशन देकर किया मदत। बता दें सामलोंग निवासी तीस वर्षीय संजय भुटकुमार की आकस्मिक मृत्यु लंबी ईलाज के बाद दो दिन पूर्व हो गई घर में वह अकेला कमाऊ सदस्य था मृतक के पिता छोटका पहान की मृत्यु तीन वर्ष पूर्व हो गई है घर में उसके मृत्यु के पश्चात सिर्फ एक बहन और बूढ़ी मां बच गए हैं जिनके सामने अब मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं है मृतक संजय भुटकुमार मजदूरी करके परिवार चलाते थे भाजपा नेता प्रभुदयाल बड़ाईक के द्वारा आगे भी मदत का आश्वासन दिया गया साथ ही मृतक के परिवार प्रभुदयाल बड़ाईक से मदत पाकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया मौके पर जितनी देवी गुड़िया भुटकुमार पैरो भुटकुमार शारदा देवी उपस्थित थे।



### श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति ने अतिथियों को किया आमंत्रित

**रांची :** रातु रोड शास्त्री चौक स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से रांची के लोकप्रिय सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, समाजसेवी सत्यनारायण सिंह, रमेश सिंह,भरत कांशी,पंडरा बाजार समिति के अध्यक्ष संजय मौर्या साहित्य अन्य अतिथियों आदि को निमंत्रण कार्ड भेंटकर पूजा पंडाल मे आने के लिए आमंत्रित किया गया। इस मौके पर पूजा समिति के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर.डॉ.भीम प्रभाकर, अध्यक्ष सुजीत वर्मा सचिव प्रकाश कुमार, मिडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा सहित राजेश महतो,कुमुद वर्मा,सोनू पंडा,गौतम वर्मा, अमित थापा,रामावतार प्रसाद, आदि मौजूद थे।

## बेहतर शिक्षा मधुसूदन पब्लिक स्कूल की है पहचान

बिनय मिश्रा



**शिक्षा** अनमोल धरोहर है। विद्यार्थियों को संवारने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थान की सशक्त पहचान, बेहतर माहौल बहुत कुछ विद्यार्थियों को सिखाते हैं। चक्रधरपुर स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल की बेहतर पढ़ाई उत्कृष्ठ परीक्षाफल के परिणाम मेधावी छात्र के द्वारा विद्यालय और शैक्षणिक संस्थान का नाम पुरे राज्य में गौरवान्वित किया है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर विद्यालय के प्राचार्य के. नागराजु के बेहतर प्रयास शिक्षकों के साथ बेहतर समजस्य, पठन-पाठन कुशलतापूर्वक संपादित कराये जाने का ही यह परिणाम है कि यह विद्यालय मैट्रिक और इंटर के परीक्षाफल परिणाम से पुरा झारखण्ड को गौरवान्वित करता है जो निश्चित तौर पर यह विद्यालय जिला या कोल्हान प्रमण्डल ही नहीं बल्कि पुरे राज्य के लिए मधुसूदन पब्लिक स्कूल बेहतर और उत्कृष्ठ विद्यालय के रूप में पहचाना जाता है। इस विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि शिक्षकों के द्वारा बच्चों को निरंतर कामयाबी और अव्वल आने के लिए जो प्रयास किये जाते हैं उसका परिणाम भी काफी सार्थक है। मैट्रिक और इंटर के मेधावी छात्रों के द्वारा अपनी अव्वलता और सफलता से विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य के द्वारा पठन-पाठन के लिए सबों शिक्षकों को बेहतर टास्क देकर बच्चों के भविष्य के लिए उन्हें जो जवाबदेही दी गयी है उसमें यह हमेशा बच्चों के लिए अव्वलता का मूल मंत्र भी है। प्राचार्य के.नागराजु बताते हैं कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सदैव प्रयत्नशील हैं और इसी का यह परिणाम है कि इस विद्यालय में बच्चों के प्रतिभा को बेहतर बनाने अभिभावक के विश्वास को और सुदृढ़ करने में यह विद्यालय सदैव सफल रहा है। शिक्षाविद् के मार्गदर्शन से विद्यालय को काफी बेहतर माहौल भी मिला है।

# क्रियायोग की सरिता में डुबकी लगाने के लिए प्रोत्साहन

**श्री श्री लाहिड़ी महाशय की 196वीं जयंती पर विशेष**



**पौराणिक** कथाओं में जिस प्रकार गंगा ने स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरकर अपने तृषातुर भक्त भागीरथ को अपने दिव्य जल से संतुष्ट किया, उसी प्रकार क्रियायोग रूपी दिव्य सरिता, हिमालय की गुह्य गुफाओं से मनुष्य की कोलाहल भरी बस्तियों की ओर बह चली...ह्व कौन हैं ये, इस युग के भागीरथ, सांसारिक दुखों से त्रस्त जन-जन को आध्यात्मिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाले संत? वे हैं श्री श्री लाहिड़ी महाशय, जिनका कहना था झ ह्लईश्वरानुभूति के गुब्बारे में प्रतिदिन उड़कर मृत्यु की भावी सूक्ष्म यात्रा के लिए अपने को तैयार करो....क्रियायोग की गुप्त कुंजी के उपयोग द्वारा देह कारगार से मुक्त होकर परमतत्त्व में भाग निकलना सीखो।

उन्होंने अपने विषय में लिखने के लिए अपने शिष्यों को सदा मना किया तथापि हम हृदय से आभार प्रकट करते हैं, ह्यएक अद्वितीय वृतांतह्व कहे जाने वाले उत्कृष्ट ग्रंथ ह्ययोगी कथामृतह्व के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्द का, जिन्होंने अपनी इस पुस्तक के माध्यम से हमें इस ईश्वर सदृश ऋषि के बारे में जानने का सुवसर प्रदान किया।

लाहिड़ी महाशय ने अपनी अनंत दूरदर्शिता से माँ की गोद में ही इस नन्हें शिशु मुकुन्द, जो बाद में योगानन्द बनें, को पहचान लिया था और कहा था, ह्लछोटी माँ! तुम्हारा पुत्र एक योगी होगा। एक आध्यात्मिक इंजन बनकर वह अनेक आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य में ले जाएगा।ह्व और सचमुच इस भविष्यवाणी को साक्षात कर योगानन्दजी ने हममें से प्रत्येक के लिए, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और विश्व स्तर पर सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की, जो पिछले सौ से भी अधिक वर्षों से इस महान ध्यान की प्रविधि, जो गणित के समान काम करती है, को सिखाने का काम कर रही है।

30 सितंबर 1828 को श्री श्री लाहिड़ी महाशय अपने जन्म से ले कर 26 सितंबर 1895 को अपना सांसारिक देह को त्याग करने के पश्चात भी सदा सर्वव्यापक चेतना में वास करते हुए क्रियायोग अभ्यासियों के संरक्षण का जिम्मा ले, परामर्श दिया किझ ह्लयह याद रखो कि तुम किसी के नहीं हो और कोई तुम्हारा नहीं....किसी दिन तुम्हें इस संसार का सब कुछ छोड़कर चल देना होगा, इसलिए अभी से ही भगवान को जान लो।ह्व वे कहते थे ह्लध्यान में अपनी सभी समस्याओं का समाधान ढूँढ़ो।

लाहिड़ी महाशय ने गृहस्थ जीवन का अनुसरण करते हुए संतुलित जीवन का सर्वोत्तम उदाहरण आज के युग के लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। कमल के समान इस संसार की दलदल से पृथक, आंतरिक वैराग्य के साथ ईश्वरीय चेतना में रहने वाले इस महान गुरु ने आश्वस्त किया कि ईश्वर से संपर्क आत्म प्रयास से संभव है।

उनकी पत्नी काशिमणि बताती हैं - उन्होंने मेरे ललाट को स्पर्श किया। घूमते हुए प्रकाश-पुंज मुझे दिखाई देने लगे; धीरे धीरे वह सारा प्रकाश जगमगाते नीले रंग के आध्यात्मिक नेत्र में परिवर्तित हो गया जिसके चारों ओर सुनहरा गोला था और बीच में एक सफेद पंचकोणीय तारा। माता काशीमणि को यह अधिचेतन अनुभव प्रदान कर लाहिड़ी महाशय ने कहा, ह्लअपनी चेतना को उस तारे में से अनंत के साम्राज्य में ले जाओ।ह्व

ऐसे सर्वज्ञ गुरु का मानसदर्शन कर आइए हम भी इन आध्यात्मिक स्पंदनों से भरी इस पावन बेला में उनके आविर्भाव दिवस और समाधि दिवस में शामिल होकर ईश्वर के साथ एकरूपता के प्रकाश-पुंज के दर्शनों की पुष्टि करें।

**लेखिका : डॉ (श्रीमती) मंजु लता गुप्ता**